तिब्बत में बौद्धधर्म

राहुल सांकृत्यायन

तिब्बत में बौद्धधर्म

त्रिपिटकाचार्य राहुल सांकृत्यायन

आवश्यक—सूचना

नेपाल के शिलालेखों और स्वान-चाङ् के वर्णन से मालूम होता है कि नेपालाधिपति अंशुवर्मा ६४०-४५ ई० में वर्तमान था। यही अंशुवर्मा सम्राट् स्रोङ्-ब्चन का श्वसुर था। इस लिये दीपंकरश्रीज्ञान के तिब्बत में पहुँचने (१०४२ ई०) के पहिले के सनों में पृष्ठ १-२१, तथा तत्संबंधी परिशिष्ट ८-११ में ६० वर्ष जोड़ कर पढ़ना चाहिये। इसके अतिरिक्त—

पृष्ठ १४ में ७४२ ई० के स्थान पर ८४५ ई० पढ़ना चाहिये।

पृष्ठ ३१ में १२२८ ई० " " १२०८ ई० " "

पृष्ठ २८ में—प्रसिद्ध 'मंजुश्रीमूलकल्प' का दूगे-ब्दि—बूलो-ग्रोस्ने पंडित कुमारकलश के साथ मिलकर उल्था किया।

तिब्बत में बौद्धधर्म

लेखक

त्रिपिटकाचार्य राहुल सांकृत्यायन

प्रकाशक

श्री शिवप्रसाद गुप्त, सेवा उपवन, काशी

प्रथम संस्करण
२००

मूल्य
१॥)

तिब्बत में बौद्धधर्म

ईसा से पूर्व तीसरी शताब्दी से ही बौद्धधर्म भारत की सीमा से बाहर फैलने लगा था। उस वक्त उस के धर्म-दूत न केवल बर्मा और लंका में बल्कि मेसोपोटामिया, मेसीदोनिया और मिश्र तक पहुँच गए थे। इसी समय मध्य-एशिया में बौद्धधर्म ही नहीं फैला, बल्कि परंपरा के अनुसार सम्राट् अशोक का एक पुत्र कूचा आस-पास के और प्रदेशों में अपना राज्य भी क़ायम करने में सफल हुआ। जनश्रुति तो चीन में बौद्धधर्म का पहुँचना पहले बतलाती है किंतु ५६ ई० में खोतन के काश्यप-मातंग द्वारा किए गए बौद्ध ग्रंथों के चीनी अनुवाद तो अब भी प्राप्य हैं। ३७२ ई० में बौद्धधर्म कोरिया में, और ५३८ ई० में जापान में स्थापित हुआ। हिंदू-चीन में भी वह ईसा की तीसरी शताब्दी से पूर्व पहुँच चुका था। इस प्रकार जब कि बौद्धधर्म भारत से दूर दूर देशों में इतना पहले पहुँच चुका था, तो पड़ोसी भोट (तिब्बत) देश में ५८० ई० से पूर्व वह क्यों न पहुँच सका ?

वस्तुतः इस का कारण भोट देश की भौगोलिक स्थिति और बहुत कुछ उसी के कारण सामाजिक विकास की गति का मंद होना है। साधारणतः भोट देश में बस्तियाँ समुद्र तल से दस हज़ार से १२ हज़ार फ़ीट ऊपर बस

हुई हैं। यदि वह कहीं इन से नीची हैं, तो अन्यत्र १४ हजार फ़ीट पर भी आप उन्हें देखेंगे। इतनी उँचाई पर होने के कारण एक तो वहाँ सर्दी बहुत पड़ती है और दूसरे वहाँ के पहाड़ वृक्ष-वनस्पति-शून्य हैं। इस प्रकार वहाँ जीवन-संघर्ष आरंभ से ही मनुष्य के लिए कुछ कठिन रहा है। लेकिन भोट देश-वासियों ने बहुत पहले ही इस को अधिक भीषण न होने देने के लिए जनसंख्या-निरोध की औषधि ढूँढ़ निकाली, और सभी भाइयों की एक ही पत्नी का नियम बना डाला। अब उतने ही खेत और उतने ही भेड़-बकरियों के गल्ले उन की आने वाली संतति के लिए भी काफ़ी होने लगे। वह अपनी वर्तमान अवस्था से संतुष्ट रहने लगे। उस समय उन की प्रधान जीविका पशु-पालन थी। यदि परंपरा स्वीकार की जाय, तो कृषि का आरंभ (ब्य-ख्रि) स्पु-ल्दे-गुङ्-र्ग्यल्[1] (प्रायः ईसवी सन् के आरंभ) के समय में हुआ। वस्तुतः यदि बाहर की दुनिया ने दुर्गम हिमालय की घाटियों को पार कर भोट-वासियों को बाह्य दुनिया का परिचय न कराया होता, तो कौन जानता है कि तिब्बत में अभी तक कोई परिवर्तन हुआ होता?

तिब्बत में बौद्धधर्म के प्रवेश के बारे में कुछ कहने से पूर्व यहाँ तिब्बत देश के बारे में कुछ कह देना आवश्यक है। तिब्बत देश पूर्व से पश्चिम तक प्रायः उतना ही लंबा है, जितना कि भारत। उत्तर-दक्षिण इस की चौड़ाई छः-सात सौ मील है। इस के चार भाग हैं—

(१) *पश्चिमी तिब्बत*—जिस में लदाख, शङ्-शुङ्[2] या गूगे (मान-

[1] डाक्टर ए० एच० फ्रांके, 'एंटिक्विटीज़ अव् इंडियन टिबेट', भाग २, पृ० ७९।

[2] भोट-भाषा के शब्दों के उच्चारण में इन नियमों का ध्यान रखने पर वह मध्य भोट के उच्चारण के अनुसार हो जायगा।—

(१) जितने अक्षर-समूह में केवल एक स्वर उच्चारित होता है, उसे एक विभाजक रेखा से अलग किया गया है; जैसे—ब्क्र-शिस् (= ट-शि)।

(२) स्वर-युक्तवर्ण के पीछे के स्वरहीन द्, ल्, स् उच्चारित नहीं होते; सिर्फ़ उन के पूर्व वाले अ, उ, ओ स्वर, विकृत हो अं, उं और ओं (जर्मन ä, ü और ö) बन जाते हैं।

सरोवर और लदाख के बीच का प्रदेश), और सपु-रङ्स् (मानसरोवर से पूर्व गचङ् तक का प्रदेश) हैं।

(२) *मध्य तिब्बत*—अर्थात् गचङ् (नेपाल, सपु-रङ्स्, दुवुस्, ल्हो-ख और ब्यङ्-थङ् से घिरा प्रदेश, जिस में ऽफग्-रि, ब्क्र-शिस्-ल्हुन्-पो, ञ-नम् और स्क्यिद्-रोङ् की बस्तियाँ हैं), दुवुस् (दुवुस्-छु नदी की उपत्यका का प्रदेश, जिस में दुगऽ-ल्दन्, ल्ह-स, छु-शल् आदि की बस्तियाँ हैं), ल्हो-ख (छु-शल् से नीचे ब्रह्मपुत्र का तटवर्ती प्रदेश, जिस के निचले भाग में कोङ्-पो प्रदेश है), और कोङ्-पो (पूर्व-वाहिनी ब्रह्मपुत्र का अंतिम और उष्णतम भाग, जो कि भोट के राजवंश का ही मूल-स्थान न था, बल्कि वर्तमान दलाई लामा और टशी लामा की भी जन्मभूमि है। यहीं यर्-लुङ् बस्ती है, जहाँ स्रोङ्-ब्चन्-स्गम्-पो के पूर्वज रहा करते थे)।

(३) *पूर्वीय तिब्बत*—अर्थात, खम्स् (पूर्व में चीन के युन्-नन् और से-चु-आन् प्रांतों तक फैला प्रदेश, जिस में छब्-म्दो और ब्दे-ग्यंस् के मशहूर मठ स्थापित हुए), अम्-दो (खम्स् के उत्तर में चीन से मध्य-एशिया के वणिक्-पथ के पास तक फैला प्रदेश) जिस में ब्क्र-शिस्-ख्यिल्, चो-नस्, स्कु-ऽबुम् के प्रसिद्ध मठ स्थापित हुए। महान् सुधारक चोङ्-ख-प भी यहीं की चोङ्-ख बस्ती में उत्पन्न हुआ था; कोकोनोर का महान सरोवर और मंगोलों

---

(३) सभी स्वर ह्रस्व लिखे जाते हैं। आमतौर से उन का उच्चारण डेढ़ मात्रा के बराबर होता है; किंतु दीर्घ और प्लुत उच्चारण भी होते हैं।

(४) जिन वर्णों के नीचे हलंत का चिह्न (्) लगा है, उन के उच्चारण नहीं करने चाहिए, विशेष कर यदि वह स्वरयुक्त वर्ण के पूर्व हों।

(५) संयुक्त वर्णों का उच्चारण होना चाहिए, हाँ यह ध्यान रखना चाहिए, कि—

क्र, त्र, प्र=ट; ख्र, फ्र=ठ; ग्र, द्र, ब्र=ड

(६) भोट वर्णमाला के कुछ अक्षरों के मैंने इस प्रकार संकेत रक्खे हैं—
च़ (Ts), छ़ (Tsh), ज़ (Dz), श़ (Zh), स़ (Z), ऽ(h या 'a)

की यु-गुर् जाति यहीं बसती है) और गङ् (खम्स् से दक्षिण में) ।

(४) *ब्यङ्-थङ्*— (चङ्-थङ्), यह वह अतिशीतल मैदान है, जो मध्य और पश्चिमीय तिब्बत से चीनी तुर्किस्तान तक फैला हुआ है।

१—आरंभ-युग (५८०-७६३ ई०)

स्रोङ्-गचन्-गसम्-पो के जन्म (५५७ ई०) से पूर्व भोट देश छोटी-छोटी सर्दारियों में बँटा था। स्रोङ्-बृचन् का जन्म मध्य तिब्बत के उष्णतम प्रदेश कोङ्-पो में हुआ था। कृषि के साथ सभ्यता का भी आरंभ इसी प्रदेश में होना स्वाभाविक था। परंपरा तो बतलाती है, कि स्रोङ्-बृचन् का प्रथम पूर्वज कोसलराज प्रसेनजित् (ई० पू० पाँचवीं-छठी शताब्दी) का पुत्र था। जो भी हो, इस में तो शक नहीं कि स्रोङ्-बृचन् का वंश और उस का प्रदेश अधिक उन्नतावस्था में था। यह प्रदेश औरों की अपेक्षा अधिक घना भी बसा था। बाहर के राजाओं और सम्राटों की शान-व-शौकत की कथायें यहाँ पहुँच चुकी थीं। बाप के मरने के बाद तेरह वर्ष की अवस्था में ही स्रोङ्-बृचन् अपने छोटे राज्य का स्वामी बना। किंतु वह उतने पर संतुष्ट रहने वाला कब था? अपने समकालीन सम्राट् हर्षबर्धन की भाँति उसे भी दिग्विजय की सूझी। निडर और कष्ट सहन में पटु अपने भोट योद्धाओं को संगठित कर उस ने एक सुदृढ़ सेना बनाई, और द्बुस् (मध्य) और गृचङ् के प्रदेशों को अपने अधिकार में कर, उत्तरोत्तर बढ़ते हुए अपने सैन्यबल द्वारा उस ने पश्चिम में गिल्गित, उत्तर में चीनी तुर्किस्तान तक को ही नहीं जीत लिया, बल्कि नेपाल के राजा तथा चीन के सम्राट् को भी कुछ प्रदेशों के साथ अपनी कन्यायें देने पर बाध्य किया। इस प्रकार विजयी भोट देश का सभ्य दुनिया में प्रवेश हुआ। स्रोङ्-बृचन् सारे भोट और पार्श्ववर्ती प्रदेशों का सम्राट् बना।

इस विशाल साम्राज्य के संचालन के लिए उसे कई बातें करनी पड़ीं, जिस में पहिली बात थी राजधानी को ब्रह्मपुत्र उपत्यका से हटा कर उस के लिए द्बुस्-छु नदी के तट पर ल्ह-स (ल्हासा) नगर का निर्माण करना।

इस के पूर्व जो र(वं)-स (अज-भूमि) था, वह अब ल्ह-स (देवभूमि) हो गया। ५८० ई० में नेपालाधिपति अंशुवर्मा की कन्या ख्रि-चुन् सम्राट् के विवाहार्थ ल्हासा पहुँची। दूसरे वर्ष चीन-राजकन्या कोङ्-जो भी राजामात्य मगर् के साथ ल्हासा आई। इस से पूर्व ही सम्राट् ने यह अनुभव किया था, कि इतने बड़े राज्य का संचालन एक लिपि के बिना सुकर नहीं। इसी लिए वह थोन-मि (थोन्-गाँव-निवासी) अनु के पुत्र को सोलह साथियों[१] के साथ भारत में विद्याध्ययन के लिए भेज चुका था। नेपाल-राज-कन्या थोन्-मि के साथ ही ल्हासा पहुँची।

नेपाल-राजकुमारी अपने साथ अक्षोभ्य, मैत्रेय और चंदन की तारा की मूर्तियाँ ले आई। उधर चीन-राजकन्या ने एक पुरातन बुद्ध-प्रतिमा—जो किसी समय भारत से मध्य-एशिया और वहाँ से चीन पहुँची थी—दहेज में पाई। चीन-कुमारी रानी कोङ्-जो हुई। उस ने अपनी प्रतिमा को प्रतिष्ठित करने के लिए ल्हासा नगर के उत्तरी भाग में र-मो-छे का मंदिर बनवाया। नेपाल-कुमारी रानी ख्रि-चुन के पास इतना धन न था, कि वह अपनी मूर्तियों के लिए मंदिर बनवाती। सम्राट् स्रोङ्-ब्चन् को जब यह मालूम हुआ, तो उस ने एक जलाशय पटवा कर, ल्हासा नगर के मध्य में ऽब्रुल्-स्नङ् का सुंदर मंदिर बनवाया, जिसे आज कल जो-खङ् कहते हैं।

थोन्-मि ने राजा के आदेशानुसार भोट-भाषा लिखने के लिए एक लिपि बनाई जो कश्मीर की उस समय की लिपि के समान थी। भोट-भाषा में उतने स्वरों की आवश्यकता न थी, इस लिए उस ने अ को छोड़ *इ-उ-ए-ओ* यह चार स्वर बनाए। अ को ले कर व्यंजनों की संख्या तीस की। वर्गों के चतुर्थ अक्षर (घ, झ इत्यादि) और मूर्धन्य ष अनावश्यक होने के कारण छोड़ दिए गए। साथ ही विशेष उच्चारण के लिए च़, छ़, ज़, श़, स़, ऽ—इन छः नए अक्षरों का निर्माण करना पड़ा। थोन्-मि ने स्वयं भोट-भाषा का प्रथम व्याकरण बनाया। स्रोङ्-ब्चन् ने लिपि और व्याकरण आदि के सीखने के लिए अपना चार वर्ष का

---

[१] ओबरमिलर, 'बु-स्तोन्', भाग २, पृ० १४३।

समय दिया। ल्हासा के लोह्-पर्वत (लूचगुस्-रि) में उत्कीर्ण वह गुफा आज भी दिखलाई जाती है, जिस में रह कर स्रोङ्-ब्चन् चार वर्ष तक इस नई लिपि और व्याकरण का अभ्यास करता रहा।

कहते हैं, मिट्टी के बर्तन, पनचक्की और करघे का प्रचार भी इसी सम्राट् के समय में हुआ। जो भी हो, इस में तो शक नहीं, कि सम्राट् स्रोङ्-ब्चन् तिब्बत का एक सुशासक ही न था, बल्कि वह भोट देश के आनेवाले साहित्य, धर्म, राजनीति आदि सभी का निर्माता था। अपनी दोनों बौद्ध रानियों और अमात्य थोन्-मि के प्रभाव से वह बौद्ध हुआ। बौद्धधर्म ने अब एक अशिक्षित जाति को सुसंस्कृत बनाने का अवसर पाया। कला-कौशल, आचार-व्यवहार, शिक्षण-अध्ययन सभी के लिए चीनी और भारतीय बौद्ध विद्वानों को खुला अवसर मिला। उन्हों ने बड़ी उदारता से काम लिया। यह कोशिश न की, कि इस अशिक्षित जाति के (जिस का न कोई पुराना साहित्य था, न जिस की कोई उन्नत संस्कृति थी) व्यक्तित्व को मिटा कर उसे भारतीय या चीनी बनाने की कोशिश करते। उन्हों ने बहुत सी बातें भोट जाति को दीं, किंतु सब का भोटी-करण कर के। बौद्ध-धर्मग्रंथों के अनुवाद करने के लिए भारतीय पंडित कुसर (या कुमार), नेपाली शीलमंजु, कश्मीरी तुन, चीनी भिक्षु महादेव, तथा थोन्-मि और उस के शिष्य धर्मकोश एवं, ल्ह-लुङ्-छोस्-र्जे-द्पल् नियुक्त हुए। थोन्-मि की आठ पुस्तकों में से अब कुछ ही बाक़ी हैं। शेष पुराने अनु-वाद नहीं मिलते। कारण, यह है कि आरंभ के अनुवाद उतने अच्छे नहीं थे, इस लिए पीछे के सुंदर अनुवादों के सामने उन का प्रचार नहीं हो सका। कहा जाता है, थोन्-मि ने 'करंडव्यूह-सूत्र', 'रत्नमेघ-सूत्र' और 'कर्मशतक' के अनुवाद किए थे। चीनी आचार्यों ने विशेषतः गणित और वैद्यक की पुस्तकों के अनुवाद किए। इस काम में भारत, ली (चीनी तुर्किस्तान) और चीन तीनों देशों के बौद्ध विद्वानों ने सहयोग दिया था। ली देश के दो भिक्षुओं ने सम्राट् की जीवनी भी लिखी थी।

बासठ वर्ष के सुदीर्घ और प्रशांत शासन के बाद ६३८ ई० में ८२ वर्ष की अवस्था में सम्राट् स्रोङ्-ब्चन् ने ल्हासा के उत्तरवाले फन्-युल प्रदेश के

सल-मी स्थान में अपना शरीर छोड़ा। उस की मृत्यु के बाद सम्राज्ञी कोङ्-जो की आज्ञा से चीन से आई बुद्ध-मूर्ति भी ऽख्रुल्-सूनङ् में ला कर स्थापित की गई, और आज तक वहीं है।

सम्राट् मङ्-स्रोङ्-मङ्-ब्चन् (६३८-६५२ ई०)—सम्राट् स्रोङ्-ब्चन् को, नेपाली रानी ख्रि-चुन् से एक कुमार गुङ्-स्रोङ्-गङ्-ब्चन् पैदा हुआ था, किंतु वह पिता के जीवन ही में जाता रहा। पिता के मरने पर चीनी रानी का पुत्र मङ्-स्रोङ्-मङ्-ब्चन् पंद्रह वर्ष की अवस्था में सिंहासन पर बैठा। पिता के महान् व्यक्तित्व ने इस के काम को यद्यपि ढाँक लिया, तो भी एक बार इसे अपना पराक्रम दिखाने का अवसर मिला। स्रोङ्-ब्चन् की मृत्यु के बाद, (यद्यपि नया सम्राट् चीन-राजकन्या का पुत्र था, तो भी) चीनियों ने भोट की शक्ति को निर्बल समझ उन से युद्ध छेड़ा, किंतु चीनियों को हारना पड़ा। धार्मिक बातों में इस सम्राट् ने तथा इस के पुत्र *दुर्-स्रोङ्* (६५२-७० ई०) ने अपने पूर्वज का अनुसरण किया। दुर्-स्रोङ् ने चोन-सम्राट् की कन्या वुन्-शिङ्-कोङ् से ब्याह किया था।

ख्रि-ल्दे-ग्चुग्-ब्र्तन् (६७०-७४२)—अपने पिता दुर्-स्रोङ् के बाद राजगद्दी पर बैठा। इस बार भी चीन ने अपने खोए हुए प्रदेशों को छीनना चाहा। गिल्गित के लिए एक खासी लड़ाई छिड़ गई। अब की बार भी चीन को हारना पड़ा। चीन-सम्राट् ने अपनी कन्या चिन-चेङ् (या ग्यिम-क्य) को भोट-युवराज ऽजद्-छ्-ल्ह-द्पोन् के लिए प्रदान किया। जिस वक्त राजकुमार अपनी भावी पत्नी से मिलने जा रहा था, उसी समय किसी आकस्मिक घटना-वश उसका शरीरांत हो गया। अंत में राजकुमारी का सम्राट् ग्चुग्-ब्र्तन के साथ ब्याह हुआ। इस ब्याह के दहेज में भोटराज को ह्वाङ्-हो नदी तटवर्ती चिन-चु और कु-ए-इ प्रदेश मिले। (ब्लन्-क) मूलकोष और (ङग्) ज्ञानकुमार ने इस समय कुछ बौद्धग्रंथों के अनुवाद किए, जिन में 'सुवर्ण-प्रभासोत्तम सूत्र' मुख्य था।

२—शांतरक्षित-युग (७६३-९८२ ई०)

ख्रि-स्रोङ्-ल्दे-ब्चन् (७४२-८५ ई०)—सम्राट् ख्रि-ल्दे-ग्चुग्-

ब्तन् को चीन-राजकुमारी से लोह-अश्व वर्ष (७३० ई०) में ब्सम्-यस् के पास एक पुत्र हुआ। यही आगे चल कर भोट-देश का अशोक बना। अभी यह तेरह वर्ष का ही था कि इस के पिता का देहांत हो गया, और महान् स्रोङ्-ब्चन् की भाँति, किंतु उस से कहीं अधिक विशाल साम्राज्य का वह उत्तराधिकारी हुआ। स्रोङ्-ब्चन् के समय से अब इन पौने दो सौ वर्षों में बहुत फ़र्क पड़ गया था। सारे भोट देश में संस्कृति का एक नया प्रवाह उमड़ आया था। राजवंश अब रक्त में अधिकतर चीनी था, क्योंकि अब तक के प्रायः सभी सम्राट् चीन-राजकन्याओं से ब्याह करते आए थे, तो भी वह भाव में पूरे भोटदेशीय बने रहे। हाँ, दर्बार में चीनी विद्वानों का भी प्रभाव था, विशेषकर धर्माचार्य तो कितने ही चीन-देशीय थे।

स्रोङ्-ब्चन् के समय (५८० ई०) में बौद्धधर्म के प्रवेश से पूर्व भी भोट में एक प्रकार का धर्म प्रचलित था, जो अधिकतर भूत-प्रेत की पूजा पर निर्भर था, जिसे कि बोन्-धर्म कहते हैं। यद्यपि बौद्धधर्म ने बहुत उदारता दिखलाई (जहाँ तक कि उन के कितने ही पूजा-प्रकारों से संबंध था) तो भी दोनों धर्मों में प्रधानता के लिए संघर्ष जारी रहा। ख्रि-स्रोङ्-ल्दे-ब्चन् के बाल्य-काल में बौद्ध-विरोधी मंत्रियों का इतना प्राबल्य हो गया, कि उन्हों ने ख्रुल्-स्नङ् से पहले तो बुद्ध-मूर्ति को हटा कर चीन भेजना चाहा, किंतु पीछे उसे ज़मीन के भीतर गाड़ दिया, और मंदिर को क़साईखाने के रूप में परिणत कर दिया। उसी समय दो एक मंत्रियों पर कुछ आकस्मिक आपत्तियाँ पड़ीं, जिस से डर कर उन्हों ने मूर्ति नेपाल की सीमा के समीप वाले मङ्-युल् प्रदेश के स्क्यिद्-रोङ् स्थान में भेज दी।

तरुण सम्राट् को पढ़ते समय अपने पूर्वजों के चरित्रों को पढ़ने का भी अवसर मिला। उस समय उसे अपने पूर्वजों की बौद्धधर्म पर अपार श्रद्धा का पता लगा। उस ने छिपाए हुए ग्रंथों की खोज करा कर उन्हें चुपचाप पढ़ना शुरू किया, और अंत में उस की भी पूर्वजों जैसी ही बौद्धधर्म पर आस्था हो गई। उस ने दो चीनी विद्वानों में और गो तथा, कश्मीरी पंडित अनंत को धर्मग्रंथों के अनुवाद के काम में लगाया। किंतु बोन्-धर्मी मंत्रियों के विरोध के

कारण उन्हें मङ्-युल् भेज देना पड़ा। पंडित अनंत और चीनी विद्वान् तो मङ्-युल् ही में ठहरे, जहाँ का तत्कालीन प्रांताधिपति बौद्ध था; किंतु ग्सल्-स्नङ्—जो कि आगे चल कर ये-शेस्-द्‌वङ्-पो (ज्ञानेंद्र) के नाम से प्रसिद्ध हुआ—वहाँ से भारत चला गया। महाबोधि (बोधगया) के दर्शन के बाद वह नालंदा पहुँचा। वहाँ उस ने आचार्य शांतरक्षित के बारे में सुना। किंतु आचार्य उस समय वहाँ न थे। नेपाल पहुँचने पर सौभाग्य से उसे आचार्य का दर्शन हुआ। ज्ञानेंद्र के आग्रह पर आचार्य मङ्-युल् पधारे। कुछ दिनों वहाँ रह कर वह फिर नेपाल लौट गए। हाँ, यह याद रखना चाहिए, कि उस समय मध्यभारत (युक्त-प्रांत, विहार) से तिब्बत जाने का प्रधान रास्ता नेपाल और स्क्यिद्-रोङ् (मङ्-युल्) हो कर ही था। ज्ञानेंद्र का आचार्य शांतरक्षित के सत्संग से बहुत लाभ हुआ।

इस सम्राट् के समय में भी चीन ने भोट की तलवार से परीक्षा ली। भोट सेना विजयी हुई। इस विजय की कथा उसी समय एक पाषाण-स्तंभ पर लिखी गई, जो अब भी ल्हासा में पोतला के नीचे मौजूद है।

अब ज्ञानेंद्र मङ्-युल् से ल्हासा गया। सम्राट् से धर्म-चर्चा हुई। सम्राट् और कितने ही अमात्य बौद्धधर्म को फिर उस के पूर्व-स्थान पर प्रतिष्ठित करना चाहते थे, किंतु बलशाली मंत्री मा-शङ् ख्रोम्-प-स्क्येद् के सामने किसी की हिम्मत नहीं पड़ती थी। अंत में सम्राट् और अन्य अमात्यों की राय से मा-शङ् जीवित ही दफ़न कर दिया गया, और इस प्रकार बोन-धर्म की शक्ति हमेशा के लिए क्षीण हो गई। अब सम्राट् की आज्ञा से ज्ञानेंद्र आचार्य शांतरक्षित को बुलाने गया। आचार्य के लिए सब से बड़ी दिक़्क़त भाषा की थी; किंतु कश्मीरी पंडित अनंत बहुत वर्षों तक तिब्बत में रहने के कारण भोट-भाषा का अच्छा ज्ञान रखते थे। आचार्य संस्कृत में बोलते थे; और वह उस का उल्था कर दिया करते थे। कहने की आवश्यकता नहीं कि भोट-सम्राट् ने नालंदा के इस अद्भुत विद्वान् का खूब सन्मान किया। ल्हासा पहुँच कर चार मास तक आचार्य राजमहल में दश कुशल (शुभकर्म), अठारह धातु और द्वादशांग प्रतीत्यसमुत्पाद पर व्याख्यान देते रहे। सम्राट् उन का

बड़ा ही अनुरक्त शिष्य हो गया। इसी समय नदी की बाढ़ से फङ्-थङ् स्थान बह गया, लोहितगिरि (मर-पो-रि) पर बिजली गिरी, और देश में ढोरों की बीमारी फैल गई। लोगों ने शोर किया, कि यह आचार्य के उपदेश से रुष्ट हुए तिब्बत के देवताओं के प्रकोप का फल है। लाचार इच्छा न रहते हुए भी सम्राट् आचार्य को कुछ दिनों के लिए वापस भेजने पर मजबूर हुए।

कितने ही समय के बाद सम्राट् ने ज्ञानेंद्र को धर्म-ग्रंथों के संग्रह के लिए चीन, और सङ्-शि (चीन)-भिक्षु को तीस साथियों के साथ आचार्य शांतरक्षित को बुलाने के लिए भारत भेजा। ज्ञानेंद्र के चीन से लौटने पर भी जब आचार्य नहीं आए, तो सम्राट् ने ज्ञानेंद्र को भी रवाना किया। आचार्य शांतरक्षित ७५ वर्ष की बुढ़ापे की अवस्था में भी धर्म-प्रचार के उत्तम अवसर को हाथ से कब छोड़ने वाले थे। वह फिर तिब्बत पहुँचे। ब्रह्मपुत्र की उपत्यका के ब्सम्-यस् (सम्-ये) में उन का निवास कराया गया।

यद्यपि बौद्धधर्म का तिब्बत में प्रवेश प्रायः दो सौ वर्ष पूर्व हुआ था किंतु अब तक न कोई भोट-देशीय भिक्षु बना था, और न वहाँ कोई मठ ही स्थापित हुआ था। राजा की इच्छानुसार आचार्य ने ब्रह्मपुत्र से प्रायः दो मील उत्तर एक भूमि मठ के निर्माण के लिए चुनी। यहीं मगधेश्वर महाराज धर्मपाल (७६९-८०९ ई०) के बनवाये उड्यंतपुरी (बिहार-शरीफ) महाविहार के नमूने (?) पर बसम्-यस् विहार की नींव डाली गई। विहार का आरंभ ७६३ ई०[१] में हुआ, और समाप्ति ७७५ ई० में। मठ के मध्य में सुमेरु की भाँति प्रधान विहार (मंदिर) बनाया गया, और चारों तरफ़ चार महाद्वीप और आठ उपद्वीपों की भाँति भिक्षुओं के रहने के लिए बारह ग्लिङ् (द्वीप) बनाए गए। इन में दस निम्न हैं—(१) ख्मस्-ग्सुम्-ख्ङ्-ग्लिङ्, (२) ब्दुद्-ऽदुल्-स्ङग्-प-ग्लिङ्, (३) नम्-दग-ख्रिम्स्-ख्ङ्-ग्लिङ्, (४) द्गे-र्ग्यस्-ब्ये-म-ग्लिङ, (५) ऽछ़ल्-ग्सेर्-ख्ङ्-ग्लिङ्; (६) मि-ग्यो-ब्सम्-ग्तन-ग्लिङ्; (७) ब्दे-

[१] जलशश (७६३ ई०) की जगह पर अग्नि-शश गलती से लिखा मालूम होता है।

स्ब्योर्-छ्ङ्स्-पडि-ग्लिङ्, (८) द्कोर्-म्जोद्-पे-हर्-ग्लिङ्; (९) ज़म्-ग्लिङ्; (१०) ग्यं-गर-ग्लिङ्। दो के नामों का पता नहीं। प्रधान विहार के चारों कोनों पर, कुछ हटकर, पक्की ईंटों के लाल नीले आदि रंगों वाले चार सुंदर स्तूप बनवाए गए। चक्रवाल की भाँति एक ऊँचे प्राकार से सारा मठ घेर दिया गया और चारों दिशाओं में प्रवेश के लिए चार फाटक लगाए गए। इस विहार के बनाने में बारह वर्ष लगे। जिस समय विहार तैयार हुआ होगा, उस समय यह अद्भुत चीज रही होगी, लेकिन दुर्भाग्यवश, बारहवीं शताब्दी के आरंभ में किसी असावधानी के कारण उस में आग लग गई, जिस से अधिकांश मकान जल गए। फिर र (वे)-लो-च-व दों-र्जे-ग्रग्स् ने उसी शताब्दी में इस का पुनर्निर्माण कराया। यह मठ तिब्बत के अन्य पुराने मठों—श्-लु (स्थापित १०४० ई०), स्नर्-थङ् (स्थापित ११५३ ई०) आदि—की भाँति पहाड़ की भुजा पर स्थित न हो कर मध्य-भारत के पुराने मठों की भाँति, समतल भूमि पर बना है।

विहार-निर्माण आरंभ करने के समय ही राजा की इच्छा हुई, कि भोट-देशीय पुरुष भिक्षु-दीक्षा से दीक्षित किए जावें। विहार का कुछ काम हो जाने पर आचार्य ने नालंदा से सर्वास्तिवादी भिक्षुओं को बुलवाया। भिक्षु-नियम के अनुसार भिक्षु बनाना संघ का काम है, कोई एक व्यक्ति भिक्षु नहीं बना सकता। यद्यपि मध्य-भारत (युक्त-प्रांत, विहार) से बाहर पाँच भिक्षु भी होने से कोरम पूरा हो जाता है, तो भी आचार्य ने बारह भिक्षु बुलाए; और मेष-वर्ष (७६७ ई०) में—(१) ज्ञानेंद्र, (२) द्पल्-द्ब्यङ्स्, (३) (ग्चङ्) शीलेंद्र-रक्षित, (४) (र्म) रिन्-छेन्-म्छोग्, (५) (ऽखोन) क्लुऽि-द्बङ्-पो, (६) (ग्चङ्) देवेंद्ररक्षित, (७) (प-गोर्) वैरोचनरक्षित—यह सात भोट देशीय कुल-पुत्र भिक्षु बनाए गए।

भिक्षु-संघ और भिक्षु-विहार स्थापित कर आचार्य शांतरक्षित ने भोट देश में बौद्धधर्म की नींव दृढ़ कर दी। यहाँ एक और व्यक्ति के विषय में कुछ लिख देना आवश्यक है। तिब्बत के पुरातन भिक्षुओं द्वारा स्थापित परंपरावाले आज कल ञिङ्-म-प कहे जाते हैं। यद्यपि यह लोग आचार्य शांतरक्षित को भी अपना नेता मानते हैं, तो भी अधिक श्रेय एक रहस्यपूर्ण व्यक्ति पद्मसंभव

को देते हैं। इस का कारण, उन का वास्तविकता की अपेक्षा जादू तथा मंत्र में असाधारण अनुराग है। अधिक से अधिक यही कहा जा सकता है, कि पद्मसंभव शांतरक्षित के अनुगामी भिक्षुओं में एक साधारण भिक्षु था। स्तन्-ग्युर में इस की भिक्षु-नियम-संबंधी कुछ छोटी पुस्तकें भी मिलती हैं। पद्मसंभव राजा इंद्रभूति (इंद्रबोधि) का पुत्र कहा जाता है, किंतु भारतीय परंपरा, इंद्रभूति को चौरासी सिद्धों में मानती हुई भी, उस के पुत्र पद्मसंभव के बारे में कुछ नहीं जानती। इंद्रभूति आदि-सिद्ध सरह (७५० ई०) के बाद हुआ था, फिर उस के पुत्र का ब्सम्-यस् बनने के समय तिब्बत पहुँचना भी संभव नहीं। सब बातों पर विचार करने से ज्ञात होता है, कि एक साधारण भिक्षु पद्मसंभव को आसमान पर चढ़ाने के लिए, पीछे के ञिङ्-म-प संप्रदाय वालों ने तरह तरह की अद्भुत कहानियाँ गढ़ीं; और इस के लिए मूल-संस्थापक आचार्य शांतरक्षित तो पीछे डाल दिए गए, और पद्मसंभव की तिब्बत में बुद्ध से भी अधिक पूजा होने लगी।

अन्य कार्यों से निवृत्त हो आचार्य ने बौद्धग्रंथों के अनुवाद की ओर ध्यान दिया। अभी तक अनुवादों का कोई पक्का निर्धारित नियम नहीं बना था। इसी लिए मालूम होता है, इस समय के बहुत से अनुवाद पीछे अग्राह्य हो गए। आचार्य शांतरक्षित के अनुवाद किए ग्रंथों में दिङ्नाग-विरचित 'हेतुचक्र' भी है जिसे उन्हों ने लो-च-व धर्मकोष की सहायता से अनुवादित किया था।

सौ वर्ष की आयु में (प्रायः ७८० ई० के करीब) घोड़े के पैर की चोट से आचार्य का देहांत हो गया। विहार के पूर्व की छोटी पहाड़ी पर उन का शरीर एक स्तूप में रक्खा गया। साढ़े ग्यारह सौ वर्ष तक, मानो वह उसी पहाड़ी टेकरी पर से अपने कार्य की देख रेख कर रहे थे। ३०-३५ वर्ष हुए वह जीर्ण-शीर्ण स्तूप गिर पड़ा, और आचार्य का अस्थिमय शरीर नीचे गिर गया। वहाँ से जमा कर आचार्य शांतरक्षित का कपाल और कुछ हड्डियाँ इस समय प्रधान मंदिर में शीशे के अंदर रक्खी गई हैं।

आचार्य शांतरक्षित असाधारण दार्शनिक थे, इस का हाल ही में, संस्कृत में प्रकाशित उन के दार्शनिक ग्रंथ 'तत्त्व-संग्रह' से पता लगता है। वह अपने समय के बौद्ध, ब्राह्मण, जैन सभी दर्शनों के प्रगाढ़ विद्वान थे। ऐसे विद्वान की देश में भी प्रतिष्ठा कम न थी, किंतु यह वह समय था, जब कि भारत से साहस-मय जीवन नष्ट न हुआ था। देश में प्राप्त सम्मान का ख्याल छोड़ ७५ वर्ष की उम्र में हिमालय की दुर्गम घाटियों को पार करने को वह तैयार हो गए, जब उन्हों ने देखा, कि इस प्रकार वह अपने धर्म की सेवा कर सकते हैं। इस त्याग के लिए ही उन का नाम बोधिसत्व पड़ा, और आज भी तिब्बत में अधिकांश लोग उन्हें आचार्य शांतरक्षित की जगह मखन-छेन (महापंडित) बोधिसत्व के नाम से ही ज्यादा जानते हैं।

आचार्य शांतरक्षित के बाद उन के शिष्य दूपल्-द्ब्यङ्स (श्रीघोष) संघ-नायक बने। स्रोङ्-ब्चन् के काल से ही भोट में चीनी बौद्ध विद्वानों की प्रधानता थी, यद्यपि कभी कभी कुछ भारतीय विद्वान भिक्षु भी वहाँ पहुँच जाते थे। सम्राट् ख्रि-स्रोङ्-ल्दे-ब्चन की गंभीर ज्ञानपिपासा ने उन्हें बौद्धधर्म के मूल-स्रोत भारतवर्ष की ओर आकृष्ट किया। आचार्य शांतरक्षित के पहुँचने के बाद तो अब भारतीय भिक्षुओं की प्रधानता हो गई। किंतु, आचार्य के देहांत के बाद महत्वाकांक्षी चीनी भिक्षुओं ने विवाद खड़ा किया, और वह भी एक सिद्धांत की आड़ में। उन्हों ने उपदेश देना शुरू किया कि सारे कर्मों को छोड़ कर परम निष्कर्मण्यता का आश्रय लेना ही बुद्ध-पद की प्राप्ति का एक मात्र साधन है। श्रीघोष इस के विरुद्ध, यथार्थ सिद्धांत का प्रतिपादन करते रहे। धीरे धीरे स्तोन-मुन-प (अकर्मण्यतावादी या सद्यो-वादी) सम्प्रदाय का ज़ोर बढ़ने लगा, और शांतरक्षित के अनुयायी चेन्-मिन्-प (कर्मण्यतावादी, या क्रमिकवादी) का बल घटने लगा। इस झगड़े से घबड़ा कर ज्ञानेंद्र ब्सम्-यस् छोड़ दक्षिण ल्हो-ब्रग् में ध्यान और एकांत-चिंतन के लिए चले गए। जब राजा ने कहा, कि सिद्धांत और आचार दोनों में सब को आचार्य बोधिसत्व के सिद्धांत को मानना चाहिए, तो अकर्मण्यता-वादी दल ने कर्मण्यता-वादियों को मार डालने की धमकी देनी

शुरू की। अंत में इस झगड़े को मिटाने का उपाय जानने के लिए राजा ने ज्ञानेंद्र के पास आदमी भेजा। दो बार ज्ञानेंद्र ने आने से इन्कार कर दिया; किंतु तीसरी बार वह राजा के पास आए। राजा के पूछने पर उन्हों ने बताया कि हमारे आचार्य ने कहा था, कि यदि कोई विवाद खड़ा हो, तो हमारे शिष्य कमलशील को बुलाना। अपने गुरु की भाँति आचार्य कमलशील भी नालंदा के एक महान विद्वान थे। शांतरक्षित के ५००० श्लोकों के दार्शनिक ग्रंथ 'तत्त्वसंग्रह' पर इन्हों ने एक विद्वत्तापूर्ण पंचिका लिखी है। यह दोनों ग्रंथ बड़ोदा की गायकवाड़-ओरियंटल-सीरीज़ में छप चुके हैं।

अकर्मण्यता-वादियों के नेता चीनी भिक्षु ह्व-शङ् को जब पता लगा, तो उस ने अपने पक्ष के प्रमाण में 'ध्यान-स्वप्न-चक्र' नामक ग्रंथ लिख कर, महायान सूत्रों से बहुत से प्रमाण जमा कर डाले। इस ने अपने शिष्यों को भी इस बड़े शास्त्रार्थ के लिए तैयार कर लिया। आचार्य कमलशील के पहुँचने पर, शास्त्रार्थ का समय नियत हुआ। सम्राट् ने स्वयं मध्यस्थ का आसन ग्रहण किया। दाहिनी ओर अकर्मण्यतावादी और उन के नेता ह्वशङ् (भिक्षु)[1] बैठे, बाईं ओर आचार्य कमलशील, ज्ञानेंद्र, श्रीघोष और दूसरे लोग। सम्राट् ने दोनों पक्षों के मुखियों के हाथ में फूल की मालाएँ दे दीं, और कहा, जो हारे वह विजेता को माला दे और यहाँ से हमेशा के लिए चला जावे। ह्वशङ् ने पहले अपने पक्ष के समर्थन में भाषण दिया, जिस का उत्तर आचार्य कमलशील ने दिया। इस के कहने की आवश्यकता नहीं, कि शास्त्रार्थ में दुभाषिया से काम लिया जाता था। अकर्मण्यतावादियों की अंत में पराजय हुई। वह आचार्य के हाथ में माला दे कर देश से निकल गए।

पीछे ह्वशङ् ने धन-लोभ दे कर चार चीनी क़साइयों को भेजा, जिन्हों ने आचार्य कमलशील को मार डाला। ज्ञानेंद्र ने भी शोकाक्रांत हो निराहार से प्राण त्याग दिए, और सम्राट् भी ६९ वर्ष की अवस्था में (७४२ ई०) परलोक-गामी हुए।

[1] ह्वशङ् यह चीनी शब्द है, जिस का अर्थ भिक्षु है। इस ह्वशङ् का असली नाम मालूम नहीं।

इस समय आचार्य विमलमित्र, बुद्धगुह्य, शांतिगर्भ, और विशुद्धसिंह ने भोट-देशीय लो-च-व (अनुवादक)[1]—धर्मालोक, (बन-दे) नम्-म्खऽ, (स्गों) रिन्-छेन-स्दे, नम्-पर्-मि-तोग्-प और शाक्य-प्रभ की सहायता से कितने ही ग्रंथों के अनुवाद किए। तो भी अभी वास्तविक अनुवाद का काल आरंभ न हुआ था।

मु-नि-ब्चन्-पो (७८५-८६ ई०)—सम्राट् ख्रि-स्रोङ् वीर थे, किंतु उस से भी अधिक वह धार्मिक थे। उन के विचारों का असर उन की संतान पर पड़ा। जब उन के बाद उन का पुत्र मुनि-ब्चन-पो गद्दी पर बैठा, तो वह दूसरा ही स्वप्न देखने लगा। उस का पिता और सारा घर धार्मिक शिक्षा, विशेष कर बोधिसत्व-आदर्श (अर्थात् दूसरों के हित के लिए तन, मन, धन ही नहीं, हाथ में आई अपनी मुक्ति तक का परित्याग करना) से सराबोर था। तरुण सम्राट् ने अपने आस-पास प्रजा में दरिद्रता देखी; जो दरिद्र नहीं थे, उन्हें भी उस ने अपने से अधिक धनी की शान-व-शौकत तथा अपमान भरे बर्ताव से असंतोष की भट्ठी में जलते देखा। वह सोचने लगा, किस प्रकार इस दुःख का अंत किया जावे। अंत में उस की समझ में आया कि धन का सम-वितरण ही इस का एक मात्र उपाय है। इस प्रकार ७८५-८६ ई० में उस ने आर्थिक साम्यवाद का प्रयोग करना शुरू किया। किंतु इतने बड़े प्रयोग के लिए देश में क्षेत्र तैयार न था। श्रम के सम-वितरण के बिना कभी भी अर्थ का सम-वितरण सफल नहीं हो सकता। एक बार धन का सम-वितरण हो जाने पर आलसियों से कोई काम लेने वाला न रहा, थोड़े दिनों में खा-पी कर वह फिर फ़ाक़ेमस्त हो गए, और दूसरे मेहनती लोगों के पास फिर संपत्ति जमा होने लगी। सम्राट् ने एक के बाद एक तीन बार तक अर्थ का सम-विभाग किया। तीसरी बार के बाद यह प्रयोग दूर के लोगों को ही नहीं, बल्कि उस

[1] लो-च-व शब्द लोक और चक्षु दो शब्दों के आदि अक्षरों से मिल कर बना है। चाहे वह लोग लोक के चक्षु न भी हों, किंतु इस में तो शक नहीं कि भारतीय आचार्यों के लिए—जो भोट भाषा से अनभिज्ञ थे—वह अवश्य चक्षु थे।

की मां को भी असह्य हो गया, और इस प्रकार उन्नीस मास के शासन के बाद ही, माता द्वारा दिए गए विष से, इस महात्मा की मृत्यु हुई। मुनि-बचन-पो को कुछ लोग पागल कहेंगे, किंतु यदि वह पागल था, तो एक पवित्र आदर्श के पीछे। आज-कल जब कि मनन-शील पुरुषों की विचार-धारा संसार को साम्यवाद की ओर ले जा रही है, इस साम्यवाद के शहीद का आदर-पूर्वक स्मरण ज़रूर होगा।

ख्रि-ल्दे-ब्चन्-पो या सद्-न-लेगस् (७८७-८१७ ई०)—मुनि-बचन्-पो के बाद उस का भाई ख्रि-ल्दे-ब्चन्-पो सिंहासन पर बैठा। इस का भी बौद्धधर्म पर स्नेह अपने पिता और भाई से कम नहीं था। सुदूर पश्चिम बल्तिस्तान के स्कर्-दों नगर में इस ने बौद्ध-मंदिर बनवाया। अब तक कितने ही ग्रंथों के अनुवाद भोट भाषा में हो चुके थे, किंतु अभी तक अनुवाद के शब्दों और भाषा में किसी खास नियम का पालन नहीं किया जाता था। जिस को जो प्रतिशब्द अच्छा लगा, वह उसी का प्रयोग करता था। अश्ववर्ष (७९० या ८०२ ई०) में सम्राट् ने अनुवाद करने वाले भारतीय पंडित जिनमित्र, सुरेंद्रबोधि, शीलेंद्रबोधि, दानशील, बोधिमित्र तथा उन के सहायक भोट विद्वान् रत्नरक्षित, धर्मताशील, ज्ञानसेन (ये-शेस्-स्दे) जयरक्षित, मंजुश्रीवर्म, रत्नेंद्रशील से कहा कि पहले देवपुत्र (मेरे) पिता के समय आचार्य बोधिसत्व, ज्ञानेंद्र, ज्ञानदेवकोष, ब्राह्मण अनंत आदि ने अनुवाद किए, किंतु उन्हों ने एक ऐसी भाषा का निर्माण किया, जो देश-वासियों के समझने लायक़ नहीं है। चीन, ली, सहोर आदि की भाषाओं के अनुवाद से प्रत्यनुवाद किए गए थे, जिन में प्रतिशब्द का कोई नियम नहीं रक्खा गया। इस की वजह से धर्मग्रंथों के समझने में कठिनाई होती है। इस लिए आप लोग अब सीधे संस्कृत से अनुवाद करें, और प्रतिशब्दों की एक तालिका बना लें। अनुवाद का एक नियम हो, जिस का उल्लंघन न होना चाहिए। पिछले अनुवादों का फिर से संशोधन कर देना चाहिए।

इस प्रकार नवीं शताब्दी के मध्य से संस्कृत ग्रंथों के नियमबद्ध अनु-

वाद भोट भाषा में होने लगे। इन अनुवादों में प्रतिशब्द चुनते समय संस्कृत के धातु-प्रत्ययों का भोट भाषा के धातु-प्रत्ययों से मेल होने का पूरा ख्याल रक्खा गया है, और संस्कृत के हर एक विशेष शब्द के लिए एक एक शब्द नियत कर दिया गया है। उदाहरणार्थ—छोस्-ऽ जिन (धर्म-धर), छोस्-स्क्योङ् (धर्मपाल)। हाँ, सङ्स्-ग्यंस् (बुद्ध), ब्यङ्-छुप् (बोधि) आदि कुछ शब्द जो पिछली दो शताब्दियों में बहुप्रचलित हो गए थे, उन्हें उन्हों ने वैसा ही रहने दिया। प्रतिशब्दों को चुन कर उन्हों ने पृथक् पुस्तकें बना लीं, जो 'व्युत्पत्ति' के नाम से अब भी स्तन-ऽ ग्युर् के भीतर मौजूद हैं[1]। महायान तथा दूसरे सूत्रों का अधिकांश अनुवाद इसी समय का है। इस समय कुछ तंत्र-ग्रंथों के भी अनुवाद हुए थे। इस समय के अनुवादों में नागार्जुन, असंग, वसुबंधु, चंद्रकीर्ति, विनीतदेव, शांतरक्षित, कमलशील आदि के कितने ही गंभीर दर्शन-ग्रंथ भी हैं। जिनमित्र, ये-शेस्-स्दे, धर्मताशील के अतिरिक्त भोट-देशीय आचार्य दूपल्-बृर्चेगस् इस काल के महान् अनुवादक हैं। जितना अनुवाद-कार्य ७९०-८४० ई० में हुआ, उतना किसी काल में न हो सका।

रल्-प-चन् (८१७-८४१ ई०)—बड़े भाई (ग्लङ्) दर्-म के रहते भी पिता के मरने के बाद यही राजपद के योग्य समझा गया। यह पिता-पितामह से चले आते बौद्धधर्म के कार्य को चलाता ही नहीं रहा, बल्कि उस के प्रति अपनी भक्ति दिखाने में इस ने अपने पूर्वजों को भी मात करना चाहा। धर्मोपदेश सुनते वक्त यह अपने शिर के केशों पर रेशमी चादर बिछा कर उस पर व्याख्याता को बैठाता था। एक एक भिक्षु की सेवा के लिए इस ने सात सात कुटुंब नियुक्त किए थे। राज-कार्य में भी भिक्षुओं को बहुत अधिकार दे रक्खा था। राजधानी ल्हासा का सारा ही प्रबंध एक भिक्षु के हाथ में था। राजा का

---

[1] तिब्बत में भारतीय ग्रंथों के अनुवाद का काम भारतीय पंडित और भोट-देशीय विद्वान् मिल कर करते थे। भोट-देशीय विद्वान् लो-च-व कहे जाते हैं। इस प्रकार भोट और संस्कृत दोनों भाषाओं का गंभीर ज्ञान एकत्रित हो जाने से भोटिया अनुवाद संसार में अद्वितीय हैं।

पुत्र चुङ्-मो स्वयं भिक्षु हो गया। वस्तुतः यह अंधी भक्ति मर्यादा को पार कर रही थी। इस ने अयोग्य व्यक्तियों को भिक्षु बनने की ओर प्रेरित किया। फिर यह सारा दोष राजा और उस के स्नेहास्पद धर्म पर लगने लगा। ग्लङ्-दर्-म (जो राजपद से वंचित कर दिया गया था) और बौद्धधर्म-विरोधी अमात्यों को यह अच्छा मौक़ा हाथ लगा; ख़बर उड़ाई गई कि राजा के आदरभाजन भिक्षु (बन्-दे) योन्-तन्-दूपल् का महारानी ङङ्-छुल्-म के साथ अनुचित संबंध है। अंत में षड्यंत्रियों ने योन्-तन्-दूपल् को मार डाला, जिस पर रानी ने आत्महत्या कर ली। स्वयं सम्राट् भी लोह-पक्षी वर्ष (८५१ ई०) में ग्लङ्-दर्-म के कृपापात्र दूपस्-ग्यॅल्-तो-रे और (चो-रे) लेगस्-सुम द्वारा मार डाला गया। इस प्रकार १६२ वर्ष (५८०—७४२ ई०) तक सत्कृत और संमानित हो कर, फिर १०० वर्ष (७४२—८४१ ई०) तक असाधारण भक्ति का भाजन रह कर, अब बौद्धधर्म ने भोट देश में बुरे दिन देखे।

ग्लङ्-दर्-म (८४१-२ ई०)—भाई की हत्या करा कर ग्लङ्-दर्-म सिंहासन पर बैठा। चीनी इतिहास-लेखक[१] दर्-म के बारे में लिखते हैं—वह शराब का प्रेमी, खेलों का शौकीन, स्त्री-लंपट, क्रूर, अत्याचारी और कृतघ्न था। यह सब होते हुए भी दर्-म को बौद्धधर्म पर अत्याचार करने का मौक़ा न मिला होता यदि बौद्ध-भिक्षुओं ने प्रभुत्व और मान की लिप्सा से प्रेरित हो अपने प्रभाव से अनुचित लाभ उठाना न शुरू किया होता, और रल्-प-चन बौद्धधर्म के प्रति मर्यादित भक्ति दिखलाते हुए अपने राजा के कर्तव्य का भी ध्यान रखता। ग्लङ्-दर्-म ने अपने भाई के हत्यारे दूपस्-ग्यॅल् को मंत्री का पद प्रदान किया। सभी ऊँचे पदों पर बौद्ध-विरोधियों की नियुक्ति हुई। अनुवादकों के रहने के मकान और पाठशालायें नष्ट कर दी गई। उस ने आज्ञा दी कि भिक्षु अपने धार्मिक जीवन को छोड़ गृहस्थ बन जावें। जो भिक्षु-वेष को छोड़ने के लिए तैयार न थे, उन्हें धनुष-बाण दे कर शिकारी बनने के लिए मजबूर किया गया। आज्ञा उल्लंघन करने वाले कितने ही भिक्षु तलवार के घाट उतारे गए।

---

[१] 'थङ्-शु', 'ऐंटिक्विटीज़ अव् इंडियन टिबेट,' भाग २, पृ० ९२ से उद्धृत।

जो-खङ् के मंदिर से हटा कर बुद्ध-मूर्ति बालू के नीचे दबा दी गई। मंदिर का द्वार बंद कर के उस पर शराब पीते हुए भिक्षुओं की तसवीरें अंकित कर दी गईं। ल्हासा के र-मो-छे मंदिर और ब्सम्-यस् विहार के द्वार भी इसी प्रकार बंद कर दिए गए। उस वक्त अधिकांश पुस्तकें ल्हासा की चट्टानों में छिपा दी गई थीं। (अङ्) तिङ्-ङे-ऽज़िन-ब्सङ्-पो और (मे) रिन-छेन-मछोग् मार डाले गए। बाक़ी पंडित और लो-च-व देश छोड़ कर भाग गए। अत्याचार के मारे बौद्ध भिक्षुओं का रहना असंभव हो गया। उस समय (ग्चङ्)-रब्-ग्सल्, (फो-ख्योङ्-प, ग्यो) द्गे-ऽब्युङ्, और (स्नोद्- लुङ्-प-स्मर्) शाक्यमुनि तीन भिक्षु द्पल्-छु-वो-रि के पहाड़ में एकांत जीवन बिता रहे थे। उन्हों ने ख्यि-र-ब्येद्-प भिक्षु को आते देखा। पूछने पर ग्लङ्- दर्-म के अत्याचार की बात मालूम हुई। इस पर वह तीनों भिक्षु अपने 'विनय' ग्रंथों को समेट कर, एक खच्चर पर लाद कर, मङऽ-रिस् (मानसरोवर) की ओर भाग कर चले गए। वहाँ से वह तुर्किस्तान (होर्) पहुँचे। वहाँ उन्हों ने बौद्ध-धर्म का प्रचार करना चाहा, किंतु भाषा और जाति के भेद के कारण वह उस में सफल न हो सके और वहाँ से दक्षिण को अम्-दो चले गए।

बौद्धों ने ग़लती की थी, और उस का दंड मिलना भी ज़रूरी था। तो भी इन पौने तीन सौ वर्षों में बौद्धधर्म ने भोट देश की बहुत सेवा की थी। यह संभव नहीं था कि इस थोड़े से अपराध के लिए वह मिटा दिया जाता। अंत में प्रतिक्रिया का रुख़ बदला। लोग वस्तुतः वर्तमान को ही पूरी तरह जानते हैं। अब बौद्ध अधिकारियों के गुण-दोष तो बीती हुई वस्तु हो गए थे, लेकिन लोग दर्-म के वर्तमान अत्याचारों को देख रहे थे। अब वह उस से ऊबते जा रहे थे। उस समय (ल्ह-लुङ) द्पल्-ग्यि-र्दो-र्जे नामक एक भिक्षु येर् पऽ-ल्हस्ब्रिङ्-पो पार्वत्य स्थान में ध्यान-रत था। उस ने जब यह सब बातें सुनीं तो वह अपने को रोक न सका। उस ने भीतर से सफ़ेद और बाहर से काली एक पोस्तीन धारण की; हाथ में लोहे के धनुष-बाण लिए, और फिर वह अपने सफ़ेद घोड़े को स्याही से काला कर, उस पर सवार हो ल्हासा की ओर चल पड़ा। राजा उस समय जो-खङ् के पास स्थापित महास्तंभ (र्दो-रिङ्) पर खुदे लेख

को पढ़ रहा था। सवार ने घोड़े से उतर कर वंदना करने के बहाने से तीर का ऐसा निशाना मारा, कि वह जा कर ठीक राजा के कलेजे में लगा। अब वह इस घोष के साथ कि यदि किसी पापी राजा को मारना हो, तो ऐसे मारना चाहिए, घोड़े पर सवार हो कर निकल भागा। ल्हासा में शोर मच गया। लेकिन जनता तो पहले ही राजा से विरक्त हो चुकी थी। किसी ने उसे न पकड़ पाया। द्पल्-र्दो-र्जे एक जलाशय में जा कर घोड़े को स्याही धो, अपनी पोस्तीन का सफ़ेद हिस्सा ऊपर कर के चलता बना। अपने स्थान पर पहुँच वह 'अभिधर्मसमुच्चय' (असंग), 'प्रभावती'(विनय-टीका), और 'कर्मशतक' की पोथियों को ले कर खमुस् की ओर चला गया। मरते वक्त दर्-म ने यह शब्द कहे थे—"क्यों न मैं तीन वर्ष पूर्व मारा गया, जिस में कि मैं इतने पाप और अत्याचार से बच जाता, या तीन वर्ष बाद मारा जाता जिस में कि मैं बौद्धधर्म को देश से मिटा सकता।" [१]

ऽोद्-स्रुङ्स् (८४२-९०५ ई०)—दर्-म के मरने के बाद उस की बड़ी रानी ने गर्भवती होने का बहाना किया, और जब ढूँढ़ने पर उसे एक लड़का मिला, तो मंत्रियों को दिखला कर कहा—'यह मेरा लड़का है'। दाँतवाले बच्चे को देखकर मंत्री जाल समझ गए, और बोले—अच्छा यह जावे अपनी माँ की आज्ञा-पालन करे। इस पर माँ का आज्ञा-पालक (युम्-ब्र्तन्) ही उस का नाम पड़ गया। छोटी रानी का लड़का ऽोद्-स्रुङ्स् (काश्यप) गद्दी का मालिक हुआ। यद्यपि यह और इस के पुत्र द्पल्-ऽखोर्-व-चन् (९०५-२३ ई०) ने दर्-म की भूल को नहीं दुहराया, किंतु अब राजशक्ति क्षीण हो गई थी। इसी समय राज्य के कितने ही भाग स्वतंत्र हो गए।

द्पल्-छु-वो-रि से अपनी पुस्तकें खच्चर पर लाद कर भागे हुए तीन भिक्षुओं के बारे में मैं पहले कह चुका हूँ। जब वह दक्षिण अम्-दो में रहते थे, तो पता पा कर द्गोङ्स्-क बस्ती के रहने वाले एक तरुण ने उन के पास आ कर प्रव्रज्या पाने की प्रार्थना की। इस पर भिक्षुओं ने उसे 'विनय' की एक

[१] 'एंटिक्विटीज अव् इंडियन टिबेट', भाग २, पृष्ठ ९३३।

पुस्तक पढ़ने को दो, और कहा, यदि यह बातें तुम्हें स्वीकार हों, तो हम तुम्हें श्रामणेर बनायेंगे। तरुण ने पढ़ कर इस की प्रार्थना की। इस पर वह श्रामणेर बनाया गया, और नाम (द्गोङ्स्-प) रब्-ग्सल् (प्रकाश) पड़ा। पीछे उस ने भिक्षु बनाए जाने की प्रार्थना की, किंतु वहाँ संघ का कोरम पूरा करने के लिए पाँच भिक्षु न थे, कोरम के लिए और दो भिक्षुओं की तलाश करते हुए उसे (ल्ह-लुङ) द्पल् - र्दो - र्जे मिला। प्रार्थना किए जाने पर उस ने कहा, मैं ने राजा को मारा है, इस लिए 'पाराजिक' अपराध का अपराधी होने से अब मैं भिक्षु नहीं रहा। फिर ढूँढने पर उसे क्ये-वङ् और ग्यि-वङ् दो ह्व-शङ् (चीनी भिक्षु) मिले। इस प्रकार पंच-गण संघ बना कर उस ने भिक्षु की दीक्षा पाई। यह रब्-ग्सल् आचार्य शांतरक्षित की परंपरा का आगे चलाने-वाला पुरुष हुआ। पीछे द्बुस् प्रदेश के पाँच पुरुष (क्लु-मेस-) ़छुल्-ख्रिमस्, शेस्-रब्-ल्दिङ्-ये-शेस्-योन-तन, (रग्-शि) ़छुल्-ख्रिमस्-ऽब्युङ्-ग्नस्, (र्ब) ़छुल्-ख्रिमस्-ब्लो-ग्रोस् और (सुम्-प) ये-शेस्-ब्लो; तथा ग्चङ् प्रदेश के पाँच पुरुष—गुर्-मो-(रब्-ख-प) ब्लो-स्तोन्, र्दो-र्जे द्बङ्-फ्युग्, (शब्-स्गो-लङ्ऽि-छोङ्-ब्चुन) शेस्-रब्-सेङ्-गे, (मङ्ऽ-रिस्) ऽोद्-ब्र्ग्यद्, और (फो-ग्रोङ्-) उ-प-दे-द्कर्-पो—यह दश व्यक्ति आ कर भिक्षु रब्-ग्सल् के शिष्य हुए। इन्हीं दस भिक्षुओं ने लौट कर मध्य तिब्बत में फिर से प्रचार करना शुरू किया। ञिङ्-म-प संप्रदाय के सभी मठ इन्हीं की परंपरा से संबंध रखते हैं।

३—दीपंकर-युग (१०४२-११०२)

स्रोङ्-ब्चन के वंश ने लगातार पौने तीन सौ वर्ष तक अपने विस्तृत साम्राज्य को क़ायम रक्खा। धर्म की असाधारण भक्ति रखते हुए भी इन में सात पीढ़ियों तक शासक और योद्धा की योग्यता बनी रही। ऐसे उदाहरण बहुत कम मिलते हैं। भारत में गुप्त-सम्राटों का वंश वीर पैदा करने में मशहूर रहा है, किंतु वह भी दो सौ वर्ष तक ही चला। मुग़ल बादशाह भी पाँच पीढ़ियों तक ही प्रबल रहे। किंतु दर्-म के बाद पतन शीघ्रता से होने लगा। द्पल्-

ऽखोर्-व-चन् (मृ०९८३ई०) तक जो कुछ बचा था वह भो उस के बाद जाता रहा। तिब्बत ख़ास ही अनेक टुकड़ों में बँट गया। क्रांति के कारण ऽखोर्-व-चन् का दूसरा पुत्र ख्रि-स्क्यिद्-ल्दे-ञि-म-मृगोन् ल्हासा छोड़ने पर मजबूर हुआ। वह एक सौ सवारों के साथ पश्चिमी तिब्बत (मृङऽ-रिस्) की ओर चला गया। वहाँ अपने विश्वास-पात्र सेवकों की सहायता से उस ने अपने लिए स्थान बना लिया। अश्व-वर्ष (९८२ ई०) में उस ने र-ल में लाल-महल बनवाया। मेष-वर्ष (९८३ ई०) में चे-शी-ग्र्य-रि नामक महल बनवाया। इसी वक़्त स्पुद्-रङ्स् के शासक द्गे-ब्शेस्-ब्चन् ने उसे अपनी राजधानी में बुलाया और अपनी कन्या ऽब्रो-स्-ऽखोर्-स्क्योङ् के साथ अपना राज्य उसे प्रदान किया। ञि-म-मृगोन् ने फिर मृङऽ-रिस्-स्कोर-गसुम् (लदाख, गूगे, और स्पु-रङ्स्) को अपने अधिकार में कर के एक स्वतंत्र राज्य क़ायम किया। अंत में राज्य को इस ने अपने तीनों पुत्रों—द्पल्-ग्यि-ल्दे (लदाख), ब्क्र-शिस्-ल्दे-मृगोन (स्पु-रङ्स्) और ल्दे-ग्चुग्-मृगोन (शङ्-शुङ या गूगे) में बाँट दिया। ल्दे-ग्चुग्-मृगोन का ज्येष्ठ पुत्र ऽखोर्-ल्दे राज्य को अपने छोटे भाई स्रोङ्-ल्दे के हाथ में सौंप कर स्वयं अपने दोनों पुत्रों, नागराज और देवराज के साथ भिक्षु हो गया।

ग्यारहवीं शताब्दी के प्रथम पाद में तिब्बत में बौद्धधर्म में बहुत से विकार पैदा हो गए थे। भिक्षुओं ने धर्म-ग्रंथों का पढ़ना छोड़ दिया था। वह वर्षा-वास के तीन मास तक ही भिक्षु-आचार का पालन करते थे, उस के बाद उस की परवा नहीं करते थे। तांत्रिक लोग मद्य और व्यभिचार को ही परम धर्म-चर्या मानते थे। मठों के अधिकारी चमकीली वेष-भूषा पहिन कर, अपने को स्थविर और अर्हत् प्रकट करते फिरते थे। ऽखोर्-ल्दे (भिक्षु बनने पर इस का नाम ये-शेस्-ऽोद अर्थात् ज्ञानप्रभ पड़ा) ने स्वयं धर्म-ग्रंथों को पढ़ा था, और वह एक विचारशील व्यक्ति था। इस का तो इसी से पता लगता है, कि तंत्रों के बुद्ध-वचन होने में उसे बहुत संदेह था।[1] वह अच्छी तरह समझता था,

[1] 'बु-स्तोन्', भाग २, पृष्ठ २१२।

कि बौद्धधर्म ही उस के पूर्वजों की एक चिरस्थायी कृति है। धर्म के इस ह्रास को हटाने के लिए उस ने सब से ज़रूरी बात समझी—धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन। इस के लिए उस ने रिन्-छेन्-ब्सङ्-पो (९५८-१०५५ ई०), लेग्स्पडि-शेस्-रब् आदि इक्कीस तरुणों को चुन कर कश्मीर पढ़ने के लिए भेजा। मानसरोवर जैसी ठंडी जगह के रहने वाले इन नौजवानों के लिए कश्मीर भी गर्म था। अंत में दो को छोड़ कर बाक़ी सब वहीं बीमारी से मर गए। रिन्-छेन्-ब्सङ्-पो ने लौट कर पंडित श्रद्धाकरवर्मा, पद्माकरगुप्त, बुद्ध श्रीशांत, बुद्धपाल, और कमलगुप्त आदि की सहायता से कितने ही दर्शन और तंत्र-ग्रंथों के भोट भाषा में अनुवाद किए। 'हस्तवाल-प्रकरण' (आर्यदेव), 'अभिसमयालंकारालोक' (हरिभद्र), 'वैद्यक अष्टांग-हृदसंहिता' (नागार्जुन), 'चतुर्विपर्यय-कथा' (मातृचेट) 'सप्तगुणपरिवर्णन-कथा' (वसुबंधु), 'सुमागधावदान' आदि ग्रंथों के इन्हीं ने अनुवाद किए। पीछे दीपंकर श्रीज्ञान (९८२-१०५४ ई०) के तिब्बत पहुँचने पर और भी कितने ही ग्रंथों के भाषांतर करने मे सहायता की। रिन्-छेन्-ब्सङ्-पो ने गू-गे (शुङ्-शुङ्) स्पि-ति और लदाख में कई सुंदर मंदिर बनवाए, जिन में कई[1] अब भी मौजूद हैं, और उन में उस समय की भारतीय चित्रकला के सुंदर नमूने पाए जाते हैं।

राजभिक्षु ज्ञानप्रभ ने जब देखा, कि उन के भेजे इक्कीस तरुणों में उन्नीस कश्मीर से जीवित नहीं लौट सके, तो उन्हों ने सोचा कि यहाँ से भारत में विद्यार्थियों को भेजने के स्थान पर यही अच्छा होगा, कि भारत से ही किसी अच्छे पंडित को यहाँ बुलाया जावे, जो यहाँ आ कर सुधार का काम करे। उन्हें यह भी मालूम हुआ, कि विक्रमशिला महाविहार में ऐसे एक पंडित भिक्षु दीपंकर श्रीज्ञान हैं। उन के बुलाने के लिए आदमी भेजा गया, किंतु वह न आए।

[1] लदाख में सुम्-दा और अल्-ची के मंदिर, और स्पि-ति का त्ह-लुङ् मंदिर इन्हीं में से है। इन में सारे ही चित्र भारतीय चित्रकारों के बनाए हैं। दसवीं-ग्यारहवीं शताब्दी की चित्रकला के यह सुंदर कोश हैं। खेद है कि रक्षा का कोई प्रबंध न होने से यह नष्ट होते जा रहे हैं।

दूसरी बार फिर दूत भेजने की तैयारी हुई। इस के लिए कुछ सोने का संग्रह करने जब वह अपने सीमांत प्रदेश में गए हुए थे, उसी समय पड़ोसी राजा ने उन्हें पकड़ लिया। उन के उत्तराधिकारी ब्यङ्-छुप्-ऽोद् (बोधिप्रभ) ने चाहा, कि धन दे कर उन्हें छुड़ा लें, किंतु ज्ञानप्रभ ने कहा, वह धन भारत से किसी पंडित के बुलाने में खर्च किया जाय।

ग्यारहवीं शताब्दी में विक्रमशिला विहार (वर्तमान सुल्तानगंज, ज़िला, भागलपुर) उत्तरी भारत में एक बड़ा ही विशाल विद्याकेंद्र था। युवराज होने की अवस्था में चंद्रगुप्त विक्रमादित्य चंपा का प्रदेशाधिकारी था। उस वक्त सुल्तानगंज की दोनों पहाड़ी टेकरियों पर उस ने कुछ मंदिर बनवाए थे, और उसी के नाम पर यह स्थान विक्रमशिला के नाम से प्रसिद्ध हुआ। पीछे पालवंशीय महाराज धर्मपाल (७६९-८०९ ई०) ने गंगा-तटवर्ती इस मनोरम स्थान पर एक सुंदर विहार बनवाया, यही विक्रमशिला महाविहार हुआ। इस विहार के कुछ ही दूर दक्षिण में एक सामंत राजा की राजधानी थी, जिस के यहाँ दीपंकर श्रीज्ञान का जन्म हुआ था। नालंदा, राजगृह विक्रमशिला, वज्रासन (बोधगया) ही नहीं बल्कि सुदूर सुवर्ण द्वीप (सुमात्रा) तक जा कर दीपंकर ने विद्याध्ययन किया। पीछे वह विक्रमशिला के आठ महापंडितों में एक हो कर वहीं अध्यापन का कार्य करने लगे। यद्यपि पहली बार राजभिक्षु ज्ञानप्रभ के निमंत्रण को उन्हों ने अस्वीकार कर दिया था, किंतु जब राजभिक्षु बोधिप्रभ के भेजे दूतों के मुख से उन्हों ने ज्ञानप्रभ के महान् त्याग की बात सुनी, तो चलने के लिए उन्हों ने अपनी स्वीकृति दे दी। इस प्रकार १०४२ ई० (जल-अश्व वर्ष) में वह मङ-ऽ-रिस् पहुँचे। भोट देशवासियों ने उन का बड़ा स्वागत किया। पहले मानसरोवर के पश्चिम में अवस्थित थो-ग्लिङ् (शङ्-शुङ्) मठ में रहे। यहाँ उन्हों ने अपना प्रसिद्ध ग्रंथ 'बोधिपथप्रदीप' लिखा। १०४४ में वह स्पु-रङ्स् गए। यहीं उन्हें (ऽब्रोम्-स्तोन) ग्र्यल्-वऽि-ऽब्युङ्-ग्नस् (१००३-६४ ई०) मिला। यह उन का प्रधान शिष्य था, और तब से अंत तक यह बराबर अपने गुरु के साथ रहा। दीपंकर (अतिशा) के अनुयायी (ऽब्रोम-स्तोन् की शिष्यपरंपरा वाले) ब्कऽ-दम्-प के नाम से प्रसिद्ध हुए। चोङ्-ख-प (१३५७-

१४१९ ई०) का भी इसी बक्ऽ-दम्-प संप्रदाय से संबंध था और इसी लिए उस के अनुयायी द्गे-लुगस्-प अपने को नवीन बक्ऽ-दम्-प भी कहते हैं।

दीपंकर श्रीज्ञान ने अपने जीवन के अंतिम तेरह वर्ष तिब्बत देश में धार्मिक सुधार और ग्रंथानुवाद में बिताए। मङ-ऽरिस् से वह गुचङ् और द्बुस् प्रदेशों में गए। १०४७ ई० में वह बसम्-यस् पहुँचे। उस वक्त वहाँ के पुस्तकभंडार को देख कर वह दंग रह गए। वहाँ उन्हें कुछ ऐसी पुस्तकें भी देखने को मिलीं जो भारत के बड़े बड़े विद्यालयों में भी दुर्लभ थीं। १०५० ई० में वह येर्-प गए, और १०५१ ई० (लोह-शश वर्ष) में उन्हों ने 'कालचक्र' पर अपनी टीका लिखी। १०५४ ई० में ७३ वर्ष की अवस्था, में ल्हासा से आधे दिन के रास्ते पर स्ञे-थङ् स्थान में, उन का शरीरांत हुआ।

अनुवाद करने में उन के प्रधान सहायक (नग्-छो) छुल्-ख्रिमस्-र्ग्यल् व, रिन्-छिन्-ब्सङ्-पो, द्गे-वऽि-ब्लो-ग्रोस् और शाक्य—ब्लो-ग्रोस् थे। इन के अनुवादित और संशोधित ग्रंथों की संख्या सैकड़ों है। महान् दार्शनिक भाव्य (भावविवेक) के ग्रंथ 'मध्यमकरत्नप्रदीप' और उस की व्याख्या को इन्हों ने ही (र्ग्य) चोन-सेङ् और नग्-छो के दुभाषिया होते हुए, अनुवादित किया था।

पंडित सोमनाथ (१०२७ ई०)। दीपंकर श्रीज्ञान के भोट पहुँचने से कुछ पूर्व कश्मीरी पंडित सोमनाथ भोट गए। (र्ग्य-चो) स्-वऽि-ऽोद्-सेर की (ल) सहायता से इन्हों ने 'कालचक्र ज्योतिष' का भोट भाषा में अनुवाद किया, और तभी से भोट देश में बृहस्पति चक्र के ६० संवत्सरों का नया क्रम जारी हुआ। साठ संवत्सरों के एक चक्र को भोट भाषा में रब्-ऽब्युङ् (प्रभव) कहते हैं। यह प्रभव हमारे यहाँ के भी षष्ठी संवत्सर-चक्र का आदिम संवत्सर है। लक्ष्मीकर, दानश्री चंद्रराहुल, सोमनाथ के साथ ही भोट देश गए थे।[1]

दीपंकर श्रीज्ञान के विद्यागुरु सिद्ध महापंडित अवधूतिपा (अद्वयवज्र

---

[1] 'ऽब्रुग्-प-छोस्-ऽब्युङ्', पृष्ठ १५२क, १९८ख, २५१ख।

या मैत्रीपा भी) थे। इन्हीं के शिष्य वैशाली (बसाढ, जि० मुज़फ्फ़रपुर) के रहने वाले कायस्थ पंडित गयाधर थे। यह (ऽब्रोग्-मि) शाक्य ये-शेस् (मृत्यु १०७४ ई०) के निमंत्रण पर भोट गए। और पाँच वर्ष रह कर इन्हों ने बहुत से तंत्र-ग्रंथों के भोट भाषा में अनुवाद किए। चलते वक्त ऽब्रोग्-मि ने इन्हें पाँच सौ तोला सोना अर्पित किया। यह स्वयं भी हिंदी भाषा के कवि थे, इन के पुत्र तिब्रूपा एक पहुँचे हुए सिद्ध समझे जाते थे। पंडित गयाधर ने (ग्यि-जो) स-वडि-ऽोद्-सेर् के साथ 'बुद्धकपाल-तंत्र' का अनुवाद किया था, और (ऽगोस् ल
खुग्-प) ल्ह-बूचस् के साथ 'वज्रडाकतंत्र'[1] का।

ज्ञानप्रभ के समय में ही लो-च्-व पद्मरुचि ने स्मृतिज्ञानकीर्ति और सूक्ष्म-दीर्घ दो भारतीय पंडितों को अनुवाद के कार्य के लिए बुलाया। लो-च्-व हैजे से नेपाल में मर गया, और यह लोग भोट में पहुँच गए। इन्हें उस समय भाषा भी न आती थी। पंडित सूक्ष्मदीर्घ तो (रोङ्-प) छोस्-बूसङ् के पास रहने लगे, किंतु स्मृतिज्ञानकीर्ति ने किसी का आश्रय ढूँढने की अपेक्षा भेड़ को चरवाही पसंद की। यह मालूम नहीं, कितने वर्षों तक तिब्बत के खानाबदोश ब्यङ्-प की भाँति इन्हों ने चँवरी के बालों के काले तंबुओं में रह, ते-नग् में चरवाही का जीवन व्यतीत किया। स्मृतिज्ञान, मालूम होता है, कोई मस्त मौला ही थे। इस भेड़ की चरवाही में एक फ़ायदा ज़रूर हुआ, वह यह कि उन्हें भोट भाषा का सुंदर अभ्यास हो गया। स्मृतिज्ञान और विभूतिचंद्र (१२०४ ई०) जैसे बहुत थोड़े ही भारतीय पंडित हैं, जिन्हों ने बिना लो-च्-व की सहायता के भारतीय ग्रंथों का भोट भाषा में अनुवाद किया हो। पीछे (सूप्यल्-से-चब्) बूसोद्-नमूस्-ग्यल्-मूछन के निमंत्रण पर सूमन-लुङ् में जा कर उसे इन्हों ने बौद्ध ग्रंथों को पढ़ाया। फिर खमूस् (पूर्वीय भोट) में जा कर ऽदन्-कूलोङ्-थङ् में अभिधर्मकोश के अध्ययन के लिए एक विद्यालय स्थापित

[1] इस ग्रंथ की मूल संस्कृत प्रति ताल-पत्र पर लेखक को १९३० ई० में श-लु विहार से प्राप्त हुई।

किया। इन्हों ने 'चतुष्पीठ-टीका', 'वचनमुख' आदि कितने ही अपने लिखे ग्रंथों का भोट भाषा में उल्था किया।

शि-व-ऽोद् (ज्ञानप्रभ के भाई), राजा स्रोङ्-लृदे के पुत्र ल्ह-लृदे थे। इन के तीन पुत्रों में बड़ा ऽोद्-लृदे राजा हुआ, और ब्यङ्-छुप्-ऽोद् और शि-व-ऽोद् दोनों छोटे लड़के भिक्षु हो गए। दीपंकर श्रीज्ञान को बुला कर जिस प्रकार ब्यङ्-छुप्-ऽोद्ने धर्मप्रचार कराया, यह पहले लिखा जा चुका है। राजा ऽोद्-लृदे ने पंडित सुनयश्री को बुला कर कितने ही ग्रंथों के अनुवाद कराए। शि-व-ऽोद् (शांतिप्रभ) स्वयं अच्छा विद्वान था। इस ने जहाँ सुजन श्रीज्ञान, मंत्रकलश और गुणाकरभद्र से कितनी ही पुस्तकों के अनुवाद कराए वहाँ स्वयं आचार्य शांतरक्षित के गंभीर दार्शनिक ग्रंथ 'तत्वसंग्रह' का अनुवाद किया।

चे-लृदे। ऽोद्-लृदे के बाद उस का पुत्र चे-लृदे मानसरोवर प्रांत (शङ्-शुङ् और स्पु-रङ्स्) का शासक हुआ। १०७६ ई० में इस ने एक अच्छा विद्यालय स्थापित किया, और (ङोग्) ब्लो-ल्दन-शेस्-रब् (१०५९-११०८) को उसी साल कश्मीर पढ़ने के लिए भेजा। १०९२ ई० तक ङोग् ने कश्मीर में रह कर पंडित परहितभद्र और भव्यराज से न्याय, तथा ब्रह्मण सज्जन और अमरगोमी आदि से योगाचार के कितने ही ग्रंथों का अध्ययन किया। पंडित भव्यराज अनुपमनगर (प्रवरपुर = श्रीनगर ?) के पूर्व ओर चक्रधरपुर सिद्धस्थान में रहते थे। यहीं ङोग् ने धर्मकीर्ति के प्रसिद्ध न्याय-ग्रंथ 'प्रमाणवार्तिक'[1] का फिर से भोट भाषा में अनुवाद किया। पंडित परहितभद्र की सहायता से इस ने धर्मकीर्ति के 'प्रमाणविनिश्चय' और 'न्यायबिंदु' के अनुवाद भी किए। चे-लृदे के बाद उस के पुत्र राजा द्बङ्-लृदे और पौत्र राजा ब्क्र-शिस्-लृदे भी ङोग् के काम में सहायता करते रहे। कश्मीर में सत्रह वर्ष रह कर ङोग् ने भोट में लौट कर चौदह वर्षों तक अपना काम किया। यहाँ

---

[1] प्रथम बार इस का अनुवाद दीपंकर के साथी सुभूतिश्रीशांति और द्गे-वऽि-ब्लो-ग्रोस् ने किया था।

रहते हुए उस ने पंडित अतुलदास, सुमतिकीर्ति, अमरचंद्र और कुमारकलश के साथ अनुवाद का काम किया। प्रसिद्ध 'मंजुश्रीमूलकल्प' का इस ने पंडित कुमारकलश के साथ मिल कर उल्था किया था।

फ-दम्-प-सङ्स्-ग्र्यस् (मृ०१११८ ई०)। १०९२ ई० में यह भारतीय पंडित-सिद्ध भोट देश में आया। यह नेपाल के रास्ते ञ-नम् हो कर गलङ्-स्कोर पहुँचा था। यहाँ रहते हुए इस ने कुछ ग्रंथों के अनुवाद में सहायता पहुँचाई। यह पूरा परिव्राजक था। ११०१ ई० में यह चीन गया, १११३ ई० में फिर तिब्बत आया। इस ने शि-ब्येद् संप्रदाय की स्थापना की, जिस का कि एक समय भोट देश में अच्छा प्रभाव था।

इसी काल में एक और विद्वान लो-च-व हुआ, जिस का नाम (प-छब्) ञि-म-ग्रग्स् (रविकीर्ति) है। इस का जन्म १०५५ ई० में हुआ था, अर्थात् उसी वर्ष जिस वर्ष कि महान् लो-च-व रिन्-छेन् बसङ्-पो का देहांत हुआ। इस ने कश्मीर में जा कर तेईस वर्ष तक अध्ययन किया। इस ने (आर्यदेव के), 'चतुःशतक शास्त्र', (चंद्रकीर्ति के) 'मध्यमकावतार-भाष्य' (पूर्णवर्द्धन की) अभिधर्मकोशटीका 'लक्षणानुसारिणी', (चंद्रकीर्ति की) मूलमध्यक-वृत्ति 'प्रसन्नपदा' जैसे गंभीर दार्शनिक ग्रंथों के अनुवाद से अपनी मातृभाषा के कोश को पूर्ण किया। कनकवर्मा, तिलकलश आदि पंडित इस के सहायक थे।

(मर्-प) छोस्-क्यि-ब्लो-ग्रोस्। यह सिद्ध नारोपा (नाडपाद, मृ० १०४० ई०) का शिष्य था, और तीन बार भारत में जा कर रहा था। इस ने अनुवाद का काम कम किया, किंतु यह और मि-ल-रस्-प (१०४०–११२३ ई०) जैसे इस के शिष्य अपनी विचित्र चर्या से तिब्बत में चौरासी सिद्धों के यथार्थ प्रतिनिधि थे। मि-ल-रस्-प भोट देश का सर्वोत्तम कवि ही नहीं था, बल्कि इस के निस्पृह अकृत्रिम जीवन ने इन आठ शताब्दियों में वहाँ बहुतों के जीवन में भारी प्रभाव डाला है। मर्-प, मि-ल की परंपरा वाले लोग द्कर्-ग्र्युद्-प कहे जाते हैं। भोट देश के ड्गस्-पो, ऽब्रि-गोङ्-प, फग्-म्रु-प, ऽब्रुग्-प, स्तग्-लुङ्-प और स्कर्-म-प इसी द्कर्-ग्र्युद्-प संप्रदाय की शाखाएँ हैं। कर्-म (स्कर्-म) संघराज स्कर्-म-बक्-सि-छोस्-ऽजिन् (१२०४-८३) अपने सिद्धत्व के

कारण मंगोल-सम्राट् का गुरु हुआ था। फग्-ग्रुब्-प और ऽब्रि-गोङ्-प ने कितने ही वर्षों तक मध्य भोट पर शासन किया।

४—स-स्क्य-युग (११०२-१३७६ ई०)

(ऽखोन्) *द्कोन्-म्ग्यल्* (१०३४-११०२ ई०) नाम के एक गृहस्थ धर्माचार्य ने, ग्चङ् (चङ्) प्रदेश में १०७३ ई० में स-स्क्य नामक विहार की स्थापना की। यद्यपि इस विहार का आरंभ बहुत छोटे से हुआ, किंतु इस ने आगे चल कर बौद्धधर्म की बड़ी सेवा की। इस के संघराजों का प्रभाव भोट देश से बाहर चीन और मंगोलिया तक पड़ा। चंगेजखां (चिङ्-हिर्-हान्) के शासन-काल में १२२२ ई० में यहीं के संघराज ने सर्व प्रथम मंगोलिया में बौद्धधर्म का प्रचार किया।

(ऽखोन्) द्कोन-म्ग्यल् ने *व-रि-लो-च-व* (मृ० ११११ ई०) को अपना उत्तराधिकारी चुना। व-रि कितने ही समय तक भारत में जा कर वज्रासन (बोधगया) के आचार्य अभयाकरगुप्त के पास रहा था। अभयाकरगुप्त का जन्म झारखंड (वैद्यनाथ के आसपास का प्रदेश) में क्षत्रिय पिता और ब्राह्मणी माता से हुआ था[१]। यह शास्त्रों के अच्छे पंडित थे। पीछे इन्हों ने अवधूतिपा के शिष्य सौरिपा से सिद्ध-चर्या की दीक्षा ली। मगधेश्वर रामपाल (१०५७- ११०२) के यह गुरु थे। नालंदा और विक्रमशिला दोनों ही विश्वविद्यालयों के यह महापंडित माने जाते थे। इन का देहांत ११२५ ई० में हुआ।

व-रि ने अपना उत्तराधिकारी, मठ के संस्थापक द्कोन-म्ग्यल् के पुत्र *कुन्-द्गऽ-स्ञिङ्-पो* (१०९२-११५८) को चुना। उस के बाद उस के पुत्र *ग्रगस्-प-ग्र्यल्-म्छन्* (११४७-१२१६ ई०) विहाराधिपति हुए। यह अच्छे विद्वान थे। इन्हों ने दिङ्नाग के 'न्यायप्रवेश' और 'चंडमहारोषणतंत्र'आदि ग्रंथों के अनुवाद किए।

(खो-फु) *ब्यम्स्-प-द्पल्* (जन्म ११७३ ई०) इसी काल में हुआ था। यह

---

[१] 'रिन्-छेन्-ऽब्युङ्-ग्नस्-ग्तम्', पृ० ४७ ख।

काशिराज जयचंद के दीक्षा-गुरु मित्रयोगी[1] (जगन्मित्रानंद) को ११९८ ई० में भोट ले गया। मित्रयोगी की 'चतुरंगधर्मचर्या' का इस ने अनुवाद किया। १२०० ई० में कश्मीरी पंडित बुद्धश्री को बुला कर उन के साथ इस ने अभिसमयालंकार की टीका 'प्रज्ञाप्रदीप' का अनुवाद किया। इसी के निमंत्रण पर विक्रम-शिला के अंतिम प्रधान-स्थविर शाक्यश्रीभद्र भोट देश में आए।

शाक्यश्रीभद्र—इन का जन्म कश्मीर में ११२७ ई० में हुआ था। बोध-गया, नालंदा, विक्रमशिला उस समय सारे बौद्धजगत् के जीवित केंद्र थे। इसी लिए यह भी मगध की ओर आए। सुखश्री इन के दीक्षा गुरु थे। रविगुप्त, चंद्रगुप्त, विख्यातदेव (छोटे वज्रासनीय), विनयश्री, अभयकीर्ति और रविश्रीज्ञान इन के विद्यागुरु थे। अपने समय के यह महा-विद्वान् थे—यह तो इसी से मालूम होता है, कि यह मगध-नरेश के गुरु तथा विक्रम-शिला महाविहार के प्रधान नायक थे। मुहम्मद-बिन-बख्तियार ने जब नालंदा और विक्रमशिला को ध्वस्त कर दिया, तो यह जगत्तला[2] (बंगाल) चले गए। वहाँ कुछ दिन रह कर, और संभवतः उस के भी ध्वस्त होने पर जब यह जगत्तला के पंडित विभूतिचंद्र, तथा दानशील, संघश्री (नेपाली), सुगतश्री आदि नौ पंडितों के साथ नेपाल में थे, तो वहीं इन्हें ऽख्रो-फु लो-च-व मिला। उस की प्रार्थना पर यह १२०० ई० में भोट देश में आ कर, दस वर्ष तक रहे। इन्हों ने पुस्तक-अनुवाद का काम नहीं किया; और इन के ग्रंथ भी एकाध ही

[1] इन का जन्म राढ (पश्चिमी बंगाल) देश का था। सिद्ध तैलोपा के शिष्य ललितवज्र से इन्हों ने सिद्धचर्या की दीक्षा ली थी। पीछे उडन्तपुरी विहार के प्रधान हुए। काशीश्वर महाराज जयचंद इन के शिष्य थे ('ऽब्रुग्-प-छोस्-ऽब्युङ्', पृष्ठ १५३ क; 'इंडियन हिस्टारिकल क्वार्टर्ली', मार्च १९२५, पृ० ४-३०)

[2] इसे मगधराज महाराज रामपाल (१०५७-११०२ ई०) ने अपने शासन के सातवें वर्ष (१०६४ ई०) में स्थापित किया था ('सूतन्-ऽग्युर्', अष्टसाहस्रिका-टीका के अंत में)।

अनूदित हुए हैं, इस से जान पड़ता है, कि महाविद्वान् होते हुए भी, यह लेखनी के धनी न थे। स-स्क्य में पहुँचने पर तत्कालीन विहाराधिपति ग्रग्स्-प-ग्यॅल्-मृछ्न् के भतीजे और उत्तराधिकारी, कुन्-द्गऽ-ग्यॅल्-मृछ्न् (११८२-१२५१ ई०) १२२८ ई० में इन के भिक्षु-शिष्य हुए। 'प्रमाणवार्तिक' आदि कितने ही न्याय के गंभीर ग्रंथों का उन्हों ने इन से अध्ययन किया। ब्यङ्-छुप्-द्पल् और द्गे वऽि-द्पल् आदि और भी कितने ही शाक्यश्रीभद्र के शिष्य हुए। स-स्क्य-संप्रदाय के पीछे इतने प्रभावशाली बनने में उस का विक्रम-शिला के अंतिम प्रधाननायक से संबंध भी कारण हुआ। दस वर्ष रह कर, १२१३ ई० में, शाक्य-श्रीभद्र अपनी जन्मभूमि कश्मीर को लौट गए, जहाँ १२२५ ई० में ९८ वर्ष की दीर्घ आयु में इन का देहांत हुआ। इन के अनुयायी विभूतिचंद्र, दानशील आदि भोट ही में रह गए, जिन में विभूति का भोट भाषा पर इतना अधिकार हो गया, कि उन्हों ने कितने ही ग्रंथों के अनुवाद बिना किसी लो-च्-व की सहायता ही के किए।

कुन्-द्गऽ-ग्यॅल्-मृछ्न्, संघराज (१२१६-५१ ई०)। यह भोट देश के उन चंद धर्माचार्यों में हैं, जिन्हों ने धर्मप्रचार के लिए बहुत भारी काम किया। भोट-देशीय ऐतिहासिकों के मतानुसार चंगेज़ख़ाँ (जन्म११६२ ई०) ११९४ ई० में चीन का सम्राट् हुआ। १२०७ ई० में मि-ञग् प्रदेश को छोड़ कर सारा भोट उसके अधिकार में चला गया। जिस समय चंगेज़ देश-विजय कर रहा था, उसी समय स-स्क्य-पंडित कुन-द्गऽ-ग्यॅल्-मृछ्न ने धर्म-विजय की ठानी, और उन्हों ने १२२२ ई० में मंगोल देश में धर्मप्रचारक भेजे। १२३९ ई० में मंगोल सर्दार छि-ग्य-दो-ती ने मध्यभोट पर चढ़ाई की, और स-स्क्य मठ के पाँच सौ भिक्षुओं को मार डाला। र-स्ग्रेङ् और ग्यॅल्-खङ् के मठों को भी इसने जला डाला। १२४३ ई० में संघराज ने अपने दो भतीजों ऽफग्स्-प और फ्यग्-न को प्रचार के लिए मंगोलिया भेजा। १२४६ ई० में वह स्वयं चीन के मंगोल सम्राट् गोतन से मिले, और दूसरे वर्ष सम्राट् के गुरु बने। सम्राट् ने १२४८ ई० में भोट देश के द्वुस् और ग्चङ् प्रदेश अपने गुरु को प्रदान किए। भोट देश में धर्माचार्यों के शासन का सूत्रपात इसी समय से हुआ। धर्मप्रचार के

काम में लगे रहते हुए, मंगोलिया के स्प्रुल्-स्दे स्थान में, १२५० ई० में, इन का देहांत हुआ। यह अच्छे पंडित और कवि थे। इन की पुस्तक 'स-स्क्य-लेग्स्-ब्शद्' की नीति-शिक्षा-पूर्ण गाथाएँ अब भी भोट देश के पाठ्य-विषयों में हैं।

ऽफग्स्-प, संघराज (१२५१-८० ई०)। इन का जन्म १२३४ ई० में हुआ था। इन के मंगोलिया जाने की बात पहले ही कही जा चुकी है। चचा की मृत्यु के बाद यह संघराज बने। स-स्क्य विहार में तब से अब तक यही प्रथा चली आती है, कि घर का एक व्यक्ति भिक्षु बन जाता है, और वही पीछे संघराज के पद पर बैठता है। चचा ने ऽफग्स्-प की शिक्षा का विशेष ध्यान रक्खा था। १२५१ ई० में ऽफग्स्-प भावी चीन-सम्राट्, राजकुमार कुब्ले-ख़ान् के गुरु बने। १२६५ ई० तक वह चीन और मंगोलिया में ही रहे। १२६९ ई० में फिर मंगोलिया गए, और १२८० ई० में उन का देहांत हुआ।

स्कर्-म-ग्सक्-सि-छो-ऽजि़न् (१२०४-८३ ई०)। स-स्क्य के ऽफग्स्-प का यह समकालीन था। यद्यपि पांडित्य में स-स्क्यों की समानता नहीं कर सकता था, किंतु यह अपने समय का अद्भुत चमत्कारी सिद्ध समझा जाता था। चीन के मंगोल-सम्राट् मुन्-खे ने इस के सिद्धत्व की परीक्षा ली, और १२५६ ई० में उस ने इसे अपना गुरु बनाया।

जिस समय स-स्क्य-प और द्कर्-ग्युद्-प संप्रदाय के प्रमुख इस प्रकार विद्या, सिद्ध-चर्या, और धर्म-प्रचार के जोश से अपने प्रभाव को बढ़ा रहे थे, उसी समय आचार्य शांतरक्षित का अनुयायी, भोट का सब से पुराना धार्मिक संप्रदाय ञिङ्-म-प नीचे गिरता जा रहा था। इस ने पुराने बोन-धर्म की भूत-प्रेत-पूजा, जादू-मंतर को अपना कर, उस में और और तरक्क़ी की। इस के गुरु लोग मिथ्या-विश्वास-पूर्ण नई नई पुस्तकें बना कर, उन्हें बुद्ध, पद्मसंभव या किसी और पुराने आचार्य के नाम से पत्थरों और ज़मीन से खोद कर निकाल रहे थे। गतेर्-स्तोन ने ११९८ ई० में और ञिङ्-म-धर्माचार्य स-द्बङ् ने १२५६ ई० में, ऐसे ही जाली ग्रंथों को खोद निकाला था।

स्कर्-म-बक्-सि के मरने (१२८२ ई०) पर, उस के योग्य शिष्यों में से न चुना जा कर, एक छोटा बालक रङ्-ऽब्युङ्-र्दो-र्जे (जन्म १२८४ ई०) उस का अवतार स्वीकार किया गया। इस से पूर्व यद्यपि एकाध ऐसे उदाहरण थे, किंतु अब तो अवतारी लामों की बीमारी सी फैल गई। स्कर्-म की देखा-देखी पीछे ऽब्रि-गुङ्-प, ऽब्रुग्-प आदि द्कर्-ग्र्युद्-प निकायों ने इस प्रथा को अपनाया। आगे चल कर चोङ्-ख-प के अनुयायियों ने भी अपने दलाई-लामा (ग्र्यल्-व-रिन-पो-छे) और टशी लामा (पण्-छेन-रिन्-पो-छे) के चुनावों में ऐसा ही किया; और इस प्रकार आजकल छोटे छोटे मठों से ले कर बड़ी बड़ी जागीरवाली महंतशाहियों के लिए ऐसे हजारों अवतारी लामा तिब्बत में पाए जाते हैं। इस प्रथा के इतने अधिक प्रचार का कारण क्या है? गद्दीधर के बाल्यकाल में कुछ स्वार्थियों को मठ का सारा प्रबंध अपने हाथ में रखने का मौका मिलता है; और अवतारी लामा के माँ-बाप और संबंधियों के लिए मठ एक घर की संपत्ति सी बन जाता है। लेकिन इस प्रथा के कारण उत्तराधिकार के लिए विद्या और गुण का महत्त्व जाता रहा, और फिर अधिकांश नालायक लोग इन पदों पर आने लगे।

बारहवीं शताब्दी में चौरासी सिद्धों के बहुत से हिंदी दोहों और गीतों के भी भोट भाषा में अनुवाद हुए। इसी समय (शोङ्-स्तोन्) र्दो-र्जे-र्ग्यल-म्छन (मृत्यु ११७७ ई० ?) ने पंडित लक्ष्मीकर की सहायता से 'काव्यादर्श' (दंडी), 'नागानंद' (हर्षवर्द्धन), और 'बोधिसत्त्वावदानकल्पलता' (क्षेमेंद्र) ग्रंथों के भोट भाषा में भाषांतर किए।

अब मठों के हाथ में शासन का अधिकार आने पर उन्हों ने भी वही करना शुरू किया, जो शासकों में हुआ करता है। १२५२ ई० में स-स्क्यवालों ने भोट के तेरह प्रांतों पर अधिकार कर लिया। १२८५ ई० में ऽब्रि-गोङ् के अधिकारियों ने अपने विरोधी ब्य-युल् मठ को जला डाला। १२९० ई० में स-स्क्यवालों ने ऽब्रि-गोङ् को लूट लिया।

(बु-स्तोन्) *रिन्-छेन्-ग्रुब्* (१२९०-१३६४ ई०)। तेरहवीं सदी के अंत के साथ, भारत के बौद्ध केंद्रों से बौद्धधर्म का अंत हो गया। अब भोट देश को

सजीव बौद्ध-भारत से विचारों के दानादान का अवसर न रह गया। भोट में भी अब प्रभावशाली महंतशाहियों की प्रतिद्वंद्विता का समय आरंभ हुआ। अब तक जितने भी भारतीय ग्रंथ भोट भाषा में अनूदित हुए थे, उन को क्रम लगा कर इकट्ठा संगृहीत करने का काम नहीं हुआ था, इस लिए सारी अनुवादित पुस्तकों का न किसी को पता था, और न वह एक जगह मिल सकती थीं। ऐसे समय (१२९० ई०) में (बु-स्तोन) रिन-छेन-ग्रुब् का जन्म हुआ। यह शृ-लु विहार में जा कर भिक्षु हुए। यह अपने ही समय के नहीं, बल्कि आज तक के, भोट देश के अद्वितीय विद्वान् हुए। शुरू में स-स्क्य मठ में भी यह अध्यापन का काम करते रहे, जिस से इन्हें वहाँ के विशाल पुस्तकालय को देखने का अवसर मिला। यद्यपि इन्हों ने 'कलापधातु-काय' (दुर्गसिंह), 'त्याद्यन्तप्रक्रिया' (हर्ष-कीर्ति) आदि कुछ थोड़े से ग्रंथों के अनुवाद किए हैं; किंतु, इन का दूसरा काम बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इन्हों ने अपने समय तक के सभी अनुवादित ग्रंथों को एकत्रित कर क्रमानुसार दो महान् संग्रहों में जमा किया, यही स्क-ऽग्युर् (कन-जुर्) और स्तन-ऽग्युर् (तन-जुर्) हैं। इन में स्क-ऽग्युर में तो उन ग्रंथों को एकत्रित किया, जिन्हें बुद्ध-वचन कहा जाता है ('स्क' शब्द का अर्थ भोट भाषा में 'वचन' होता है) 'स्तन्' का अर्थ है शास्त्र, और 'ऽग्युर' कहते हैं, अनुवाद को। स्तन्-ऽग्युर में बुद्ध-वचन से भिन्न—आचार्यों के दर्शन, काव्य, वैद्यक, ज्योतिष, देवता-साधन, और स्क-ऽग्युर्, तथा स्तन-ऽग्युर् की टीकाएं तथा कितने ही और ग्रंथों की टीकाएं संगृहीत हैं। इन्हों ने इन संग्रहों को अपने ही तत्वावधान में और एक निश्चित क्रम से लिखवा कर अलग अलग वेष्टनों में विभक्त किया। साथ ही ग्रंथों की सूची भी बनाई। यह मूल प्रति अब भी शृ-लु-विहार में (जो कि ग्याँची से दो दिन के रास्ते पर है) मौजूद है। बु-स्तोन ने स्वयं पचासों ग्रंथ लिखे, जिन में एक में भारत और भोट देश में बौद्धधर्म के इतिहास (१३२२ ई० में लिखित) का महत्त्वपूर्ण वर्णन है। १३६४ ई० में शृ लु विहार में इस महान् विद्वान् के देहांत के साथ भोट देश के धार्मिक इतिहास के सब से महत्त्वपूर्ण खंड की समाप्ति होती है।

स्-सक्य-युग के अंत में (यर्-लुङ्) ग्रग्स्-प-र्ग्यल्-म्छन्, चंद्रगोमी के 'लोकानंद' नाटक और कालिदास के 'मेघदूत' तथा कुछ और ग्रंथों के अनुवादक ब्यङ्-छुप्-चे-मो (१३०३ ई०) जैसे कुछ और विद्वान् अनुवादक हुए।

५—चोङ्-ख-प-युग (१३७६-१६६४)

चोङ्-ख-प । बु-स्तोन् के देहांत के सात वर्ष पूर्व (१३५७ ई० में) अम्-दो प्रांत के चोङ्-ख ग्राम में एक मेधावी बालक उत्पन्न हुआ जिस का भिक्षु-नाम यद्यपि ब्लो-ब्सङ्-ग्रग्स्-प (सुमतिकीर्ति) है, तो भी वह अधिकतर अपने जन्म-ग्राम के नाम से चोङ्-ख-प (चोङ्-ख-वाला) ही कर के प्रसिद्ध है। अम्-दो ल्हासा से महीनों के रास्ते पर मंगोलिया की सीमा के पास एक छोटा सा प्रदेश है। चोङ्-ख-प के पूर्व यह प्रदेश अशिक्षित लोगों का ही निवास-स्थान समझा जाता था। सात वर्ष की अवस्था (१३६३ ई०) में यह दोन्-रिन्-प का श्रामणेर बना। तब से पंद्रह वर्ष की अवस्था तक वहीं अध्ययन करता रहा। तब उसे विशेष अध्ययन के लिए अच्छे अध्यापकों की आवश्यकता हुई, और १३७२ ई० में मध्य-भोट में चला आया। उन्नीस वर्ष की छोटी अवस्था (१३७६ ई०) में उस ने अपना प्रथम ग्रंथ लिखा। (रे-म्दऽ-प) ग्शोन्-नु-ब्लो-ग्रोस् से इस ने दर्शन-शास्त्र पढ़ा। 'विनय' में इस का गुरु बु-स्तोन् का शिष्य (द्मर्-स्तोन्) ग्यं-म्छो-रिन्-छेन् था। चोङ्-ख-प बु-स्तोन के ग्रंथों से बहुत प्रभावित हुआ, और वस्तुतः उस के इतने महान् कार्य को संपन्न करने में बु-स्तोन् के कार्य ने बहुत उत्साह प्रदान किया। उस को अफ़सोस था, कि क्यों न मुझे बु-स्तोन् के चरणों में बैठ कर अध्ययन करने का सौभाग्य मिला। इस ने स-स्क्य-प, द्कर्-र्ग्युद्-प और (दीपंकर के अनुयायी) ब्कऽ-दम्-प तीनों ही संप्रदायों से बहुत सी बातें सीखीं। इस के अनुयायी अपने को ब्कऽ-दम्प के अंतर्गत मान कर अपने को नवीन ब्कऽ-दम्-प कहते हैं। वस्तुतः जिस प्रकार ब्कऽ-दम्-प मठ स्वेच्छा से द्गे-लुग्स्-प (चोङ्-ख-प के संप्रदाय) में परिणत हो गए, उस से उन का यह कहना अयुक्त भी नहीं है।

चोङ्-ख-प के जन्म से दो वर्ष पूर्व (१३५४ ई० में) फग्-ग्रुब् के

(सि-तु) ब्यङ्-छुप्-ग्र्यन् (जन्म १३०३ ई०) ने सारे ग्चङ् प्रदेश पर अधिकार कर लिया था। १३४९ ई० में उस ने द्वुस् प्रदेश को भी अपने राज्य में मिला लिया। इस प्रकार चोङ्-ख-प के कार्य-क्षेत्र में पदार्पण करने के समय मध्य-भोट में एक सुदृढ़ शासन स्थापित हो चुका था। किंतु धार्मिक स्थिति बहुत बुरी थी। बड़े बड़े विद्वान् एक एक कर के चल बसे थे। पुराने विद्या-केंद्र अपना वैभव खो चुके थे। मृछन्-ञिद्-प (दर्शनवादी) और ब्कऽ-दम्-प यद्यपि अब भी ज्ञान और वैराग्य की ज्योति जलाए हुए थे, किंतु वह ज्योति पहाड़ों की गुफाओं और देश के गुमनाम कोनों में छिपी हुई थी। चोङ्-ख-प में ज्ञान और वैराग्य, अथवा प्रज्ञा और समाधि दोनों उचित मात्रा में मौजूद थीं; और उस से भी अधिक उस में धर्म की बिगड़ी अवस्था के सुधारने की लगन थी। वह विद्वान, सुवक्ता और सुलेखक था, और अपनी ओर योग्य व्यक्तियों को आकर्षण करने की शक्ति रखता था। इतने अधिक योग्य और कार्य-कुशल शिष्य किसी भी भोट-देशीय आचार्य को न मिले। बु-स्तोन का सारा काम एक अकेले व्यक्ति का था। १३९५ ई० तक चोङ्-ख-प का विद्यार्थी जीवन रहा। १३९६ ई० में अब वह अपने जीवनोद्देश्य—बौद्धधर्म में आई बुराइयों के दूर करने और विद्या-प्रचार—में लग गया। वह समझता था, कि लोगों का मिथ्या-विश्वास हटाया नहीं जा सकता, जब तक कि उन में दर्शन-शास्त्र तथा विद्या का प्रचार न किया जाय। उस के इस काम ने मृछन्-ञिद्-प के काम को ले लिया, और इस प्रकार कुछ ही समय में मृछन्-ञिद्-प के सारे मठ द्गे-लुग्स् संप्रदाय में शामिल हो गए। १३९६ ई० में इस ने ग्ऽल् का महाविद्यालय स्थापित किया। १४०५ ई० में ल्हासा में संघ-संमेलन के लिए एक विशाल भवन (स्मोन-लम्-छेन्-पो) बनवाया, और उसी वर्ष ल्हासा से दो दिन के रास्ते पर द्गऽ-ल्दन् (गन्दन्) का महाविहार स्थापित किया। उस के शिष्यों में जम्-द्व्यङ्स् (१३७८-१४४९ ई०) ने १४१६ ई० में ऽब्रस्-स्पुङ् (डे-पुङ् = धान्यकटक) के महाविहार की स्थापना की। शाक्य-ये-शेस् (जन्म १३८३ ई०) ने १४१९ ई० में से-र महाविहार की स्थापना की। इसी वर्ष चोङ्-ख-प की गन्दन् में मृत्यु हुई। पीछे उस के शिष्य (प्रथम दलाई लामा) द्गे-ऽदुन्-ग्रुब्

(१३९१-१४७४ ई०) ने १४४७ ई० में ब्क्र-शिस्-ल्हुन्-पो (टशील्हुन्पो) महाविहार स्थापित किया, और (स्मद्) शेस्-रब्-द्सङ् (१३९५-१४५७ ई०) ने खम्स् प्रदेश में छप्-म्दो (१४३७) के महाविहार की स्थापना की।

चोङ्-ख-प ने जहाँ शास्त्रों के अध्ययन के लिए इतना किया, वहाँ उस ने भिक्षु-नियमोंके प्रचार के लिए कम काम नहीं किया। इसी काम के लिए तो इस के अनुयायी द्गे-लुग्स्-प (भिक्षु-नियमानुयायी) कहलाए। इस ने भिक्षुओं के प्रधान वस्त्रों के लिए पीला रंग पसंद किया, और विशेष अवसरों पर पहनी जाने वाली टोपियां का रंग भी पीला रक्खा, जिस से इस के अनुयायी पीली-टोपीवाले लामा कहे जाते हैं। अवतारों की महामारी से ग्रस्त भोट देश में उत्तराधिकारी चुनने में उस ने योग्य शिष्य का नियम बनाया, और आज तक चोङ्-ख-प की गद्दी पर उस का अवतार नहीं, उस की परंपरा का योग्य पुरुष बैठता है, जिसे कि द्गऽ-ल्दन्-ख्रि-प (गन्दन का गद्दी-नशीन) कहते हैं। तो भी उस के अनुयायियों ने उस के अन्य मुख्य शिष्यों के उत्तराधिकार के लिए फिर अवतार का ख्याल रखना शुरू किया; और आज द्गे-लुग्स्-संप्रदाय में अवतारी लामों की संख्या सब से अधिक है।

चोङ्-ख-प का शिष्य *म्खस् ग्रुप्* (१३८५-१४३८ ई०)—जो पीछे द्गऽल्दन् का तीसरा संघराज हुआ—उस के सभी शिष्यों में महाविद्वान् था। इस ने अनेक ग्रंथ लिखे, और अपने गुरु के काम को आगे बढ़ाया।

पंडित *वनरत्न* (१३८४-१४६८ ई०)। पंडित वनरत्न अंतिम भारतीय बौद्ध भिक्षु थे, जिन्हों ने भोट में जा कर अनुवाद और धर्म-प्रचार का काम किया। इन का जन्म पूर्वदेश (बंगाल ?) के एक राजवंश में हुआ था। इन के गुरु का नाम बुद्धघोष था। बीस वर्ष की अवस्था में यह सिंहल चले गए; और वहाँ आचार्य धर्मकीर्ति[1] की शिष्यता में भिक्षु हुए। छ वर्षों तक वहीं अध्ययन करते रहे। फिर श्री धान्यकटक होते हुए मगध देश में आए। वहाँ हरिहर पंडित के पास 'कलाप' व्याकरण पढ़ी। फिर कई जगह विचरते हुए नेपाल पहुँचे। वहाँ

[1] शायद 'निकायसंग्रह' के कर्ता प्रसिद्ध राजगुरु धर्मकीर्ति।

पंडित शीलसागर[1] के पास कुछ अध्ययन कर १४५३ ई० में भोट देश आए। ल्हासा और यर्-लुङ्स् में कितने ही समय तक रह कर, इन्हों ने कुछ तांत्रिक ग्रंथों के अनुवाद में सहायता की। फिर नेपाल लौट कर शांतिपुरी विहार में ठहरे। दूसरी बार राजा (सि-तु) रब्-वर्त्तन के निमंत्रण पर फिर भोट देश आए। भोटराज ग्रग्स्-प-ऽब्युङ्-ग्नस् के समय में राजधानी र्चेस्-थङ् में पहुँचे। कितने ही समय रह कर फिर नेपाल लौट गए, और वहीं १४६८ ई० में इन का देहांत हुआ। इन के द्वारा अनुवादित ग्रंथों में सिद्धों के कुछ दोहे और गीत भी हैं। (ऽगोस्-यिद्-ब्सङ्-च) गशोन्-नुद्पल् (जन्म १३९२ ई०), (स्तग्) शेस्-रब्-रिन्-छेन् (जन्म १४०५ ई०) और शेस्-रब्-ग्यॅल् (१४२३ ई०) इन के सहायक लो-च-व थे।

(*श-लु*) *धर्मपालभद्र* (जन्म १५२७ ई०)। यही अंतिम विद्वान् लो-च-व थे। यह बु-स्तोन् के प्रसिद्ध श-लु-विहार के भिक्षु थे। इन्हों ने 'अभिधर्मकोश-टीका' (स्थिरमति), 'ईश्वरकर्तृत्वनिराकृति' (नागार्जुन), 'मंजुश्री-शब्दलक्षण' (भव्यकीर्ति) आदि ग्रंथों के अनुवाद किए। इन से पूर्व इसी श-लु विहार के दूसरे विद्वान् लो-च-व रिन्-छेन् ब्सङ् (१४८९-१५६३ ई०) ने भी कुछ ग्रंथों के अनुवाद किए थे।

लामा *तारानाथ* (जन्म १३७५ ई०)। असली नाम ग्यॅल्-खङ्-प कुन्-द्गऽ-स्ञिङ्-पो था। यद्यपि इन का अध्ययन बु-स्तोन् या चोङ्-ख-प की भाँति गंभीर न था, तो भी यह बहुश्रुत थे। इन्हों ने बहुत सी पुस्तकें लिखीं, जिन में भारत में बौद्धधर्म के इतिहास विषय की भी एक है। सर्वप्रथम इसी इतिहास का एक युरोपीय भाषा में अनुवाद होने से तारानाथ का नाम बहुत प्रसिद्ध है। इन के अनुवादित ग्रंथों में अनुभूतिस्वरूपाचार्य का 'सारस्वत' भी है, जिस का इन्हों ने कुरुक्षेत्र के पंडित कृष्णभद्र की सहायता से अनुवाद किया था।

पंद्रहवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध और सोलहवीं शताब्दी भोट देश में भिन्न भिन्न मठों की प्रतिद्वंद्विता का समय था। यह प्रतिद्वंद्विता सशस्त्र प्रतिद्वंद्विता

---

[1] ऽब्रुग्-प-पद्म-द्कर-पो (जन्म १५२७ ई०)—'छोस्-ऽब्युङ्' पृष्ठ १५५ क।

थी। १४३५ ई० में फग्-ग्रुब् मठ वालों ने ग्चङ् प्रदेश को, रिन-स्पुङ् वालों के हाथ से छीन लिया। १४८० ई० में .श्व-दमर् लामा (छोस्-ग्रग्स्-ये-शेस्—मृत्यु १५३४ ई० ?) ने ग्चङ् की सेना ले कर द्बुस-प्रदेश पर चढ़ाई की। १४९८ ई० में रिन-छेन्-स्पुङ्-पो ने ग्चङ् की सेना लेकर स्नेऽु-ग्जोङ् और स्प्यिद्-शङ् पर अधिकार कर लिया। इसी वर्ष ग्सङ्-फु और स्कर्-म लामों ने वार्षिक धर्म-संमेलन के समय स-स्क्य-प और-ऽब्रस् स्पुङ् के भिक्षुओं को अपमानित किया। १५१८ ई० तक—जब तक कि ग्चङ् की शक्ति क्षीण न हो गई—ऽब्रस्-सपुङ् और से-र के भिक्षु वार्षिक पूजा (स्मोन्-लम् छेन्-पो) में अपना स्थान प्राप्त न कर सके। १५७५ ई० में रिन्-स्पुङ् (ग्चङ्) ने फिर द्बुस् में आ कर लूटमार की। १६०४ ई० में स्कर्-म सेना ने स्क्य-शोद् दुर्ग नष्ट कर दिया। १६१० ई० में फिर ग्चङ्-सेना ने द्बुस् पर चढ़ाई की। १६१२ ई० में स्कर्-म महंतराज सार्ग ग्चङ् का शासक बन बैठा। १६१८ ई० में ग्चङ्-सेना ने द्बुस् पर चढ़ाई कर ऽब्रस्-स्पुङ् विश्वविद्यालय के हज़ारों भिक्षुओं को मार डाला।

ऊपर के वर्णन से मालूम होगा, कि उस समय भोट देश के मठ, विद्वानों और विरागियों के एकांत-चिंतन के स्थान न हो कर सैनिक अखाड़े बन गए थे। वस्तुत: सोलहवीं, सत्रहवीं शताब्दियों में यह बात भारत और युरोप पर भी ऐसे ही घटती है। भारत में भी इस समय संन्यासियों और वैरागियों के अखाड़े और उन के नागे सैनिक ढंग पर संगठित ही न थे, बल्कि कुंभ और मेलों पर इन की आपस में .खूब मारकाट होती थी। युरोप में पोप के भिक्षुओं की भी उस समय यही दशा थी। चोङ्-ख-प के अनुयायियों की प्रशंसा में यह बात ज़रूर कहनी पड़ेगी, कि १६४२ ई० तक—जब कि भोट का राज्य उन्हें मंगोल शिष्यों द्वारा अर्पित किया गया—उन्हों ने शासन और राज्य दख़ल करने का प्रयत्न नहीं किया। वह बराबर धर्म-प्रसार और विद्या-प्रचार में लगे रहे। उन के ऽब्रस्-स्पुङ्, से-र, दूगऽ-ल्दन्, ब्क्र-शिस्-ल्हुन्-पो, विहारों ने विश्वविद्यालयों का रूप धारण कर लिया था, जिन में कि भोट देश के कोने कोने के ही नहीं, बल्कि सुदूर मंगोलिया और साइबेरिया तक के भिक्षु

अध्ययनार्थ आने लगे थे। इन विश्वविद्यालयों के काम को देख कर धनी, ग़रीब सभी जनता दिल खोल कर उन को सहायता कर रही थी। इन के छात्रावास प्रदेश प्रदेश के लिए नियत थे, जिन में कुछ वृत्तियाँ भी नियत हो गई थीं। अर्थ-हीन विद्यार्थी भी इन छात्रावासों में रह कर अच्छी तरह विद्याध्ययन कर सकते थे, और विद्या-समाप्ति पर अपने देश में जा कर अपनी मातृ-संस्था और द्गे-लुग्स्-प-संप्रदाय के प्रति प्रेम और आदर का प्रसार करते थे। इतना ही नहीं, द्गे-लुग्स् संप्रदाय के नेताओं ने मंगोलिया में स-स्क्य संघराज के धर्म-प्रचार के कार्य को जारी रक्खा। १५७७ ई० में तीसरे दलाई लामा ब्सोद्-नम्स्-ग्यं-म्छो धर्म-प्रचारार्थ स्वयं मंगोलिया गए। और मंगोल-सर्दार अल्-तन्-ह्रान् ने (१५७८ ई० में) उन का स्वागत किया। इस समय तक द्गे-लुग्स्-प विश्वविद्यालयों के कितने ही मंगोल स्नातक अपने देश में फैल चुके थे। दूसरे वर्ष दलाई लामा ने वहाँ थेग्-छेन्-छोस्-ऽखोर्-ग्लिङ् की स्थापना की। इस यात्रा में उन्हों ने अम्-दो, खम्स आदि के महाविहारों का निरीक्षण किया, और कुछ नए विहार स्थापित किए। १५८८ ई० में तृतीय दलाई लामा का देहांत हो गया।

चतुर्थ दलाई लामा योन्-तन्-ग्यं-म्छो, १५८९ ई० में, मंगोल-वंश में ही पैदा हुआ। इन बातों ने मंगोल-जाति का द्गे-लुग्स्-प संप्रदाय से घनिष्ट संबंध स्थापित कर दिया। यही वजह हुई कि जब भोट के राज्यलोलुप मठों ने द्गे-लुग्स्-प के प्रभाव को बढ़ते देख उन से भी छेड़खानी शुरू की, तो मंगोल वीरों ने उन की रक्षा के लिए अपना रक्त देना निश्चय कर लिया। १६१८ ई० में ग्चङ्-सेना का ऽब्रस्-स्पुङ् के हज़ारों भिक्षुओं को जान से मारना, मंगोलों के लिए असह्य हो गया। इस ख़बर के पाते ही सारे मंगो-लिया में ग्चङ् के मठधारियों के ख़िलाफ़ क्रोध का समुद्र उमड़ पड़ा। उस समय तक मंगोल-वीर गु-श्री-खान् (१५८२-१६५४ ई०) की कीर्ति सारे मंगो-लिया में फैल चुकी थी। उस ने मंगोल योद्धाओं की एक बड़ी सेना तैयार कर मध्य-तिब्बत की ओर कूच कर दिया। ग्चङ् वालों को मालूम होने पर, वह भी उन से लड़ने के लिए आगे बढ़े। १६२० ई० में ग्यंङ्-थङ्-गङ् में दोनों

सेनाओं की मुठभेड़ हुई। बहुत से भोटिया सैनिक मारे गए, किंतु उस वर्ष कोई आख़िरी फ़ैसला नहीं हुआ। दूसरे वर्ष (१६२९ ई० में) फिर वहीं युद्ध हुआ, और ग्चङ् सेना बुरी तरह से पराजित हुई। तो भी कुछ शर्तों के साथ फिर राज्य दूगे-ग्रग्स्-प के हाथ में ही रहने दिया गया। लेकिन दूगे-लुग्स्-प को दबाने की नीति न बदली। बल्कि दूगे-लुग्स्-प के इतने प्रबल पक्षपातियों को देख कर विरोधी और भी तेज़ हो उठे। १६३७ ई० में इस के लिए दूगे-लुग्स् विरोधिनी खल्-ख (मंगोल) जाति को गु-श्री-खान् ने को-को-नोर् झील के पास युद्ध करके परास्त किया, और वहाँ से दूबुस् प्रदेश (ल्हासा-वाले प्रांत) में आ कर, फिर को-को-नोर लौट गया। १६३९ ई० में बौद्ध-विरोधी बोन्-धर्मानुयायी खम्स् के शासक बे-रि से युद्ध हुआ। वह राज्य से वंचित कर क़ैद कर लिया गया, और दूसरे वर्ष उस के अत्याचारों के लिए उसे मृत्यु-दंड दिया गया। ग्चङ् वालों की शरारत अभी कम न हुई थी, इस लिए १६४२ ई० में गु-श्री ने ग्चङ् पर चढ़ाई करके राजा को पकड़ कर, ग्चङ् और कोङ्-पो प्रदेशों को अपने अधिकार में कर लिया। गु-श्री-खान् ने सारे विजित राज्य को पंचम दलाई लामा ब्लो-ब्सङ्-ग्र्य-म्छो के चरणों में अर्पण किया, और उन की तरफ़ से प्रबंध के लिए वह भोट का राजा उद्-घोषित हुआ। इस प्रकार भोट में धर्माचार्यों का दृढ़ शासन स्थापित हो कर अब तक चला जा रहा है।

(*ग्र्यल्-व*) *ब्लो-ब्सङ्-ग्र्य-म्छो* (१६१७-८२ ई०)। चौथा दलाई लामा मंगोल जाति का था, यह पहले कह आए हैं। १६१६ ई० में उस की मृत्यु के बाद, उस का अवतार समझा जानेवाला पाँचवाँ दलाई लामा पैदा हुआ। यह अभी दो वर्ष का ही था, तभी ग्चङ् सेना ने डे-पुङ् के हज़ारों भिक्षुओं को मारा था। छ वर्ष की अवस्था (१६२२ ई०) में यह ऽब्रस्-स्पुङ् (डे-पुङ्) का नायक उद्घोषित हुआ। जब अवतार से सब काम होने वाला है, तब योग्यता और आयु का विचार करने की क्या आवश्यकता ? १६३८ ई० में ब्क्र-शिस्-ल्हुन्-पो विहार के नायक पण्-छेन (महापंडित) छोस्-क्यि-ग्र्यल्-म्छन् (१५७०-१६६२ ई०) से इस ने भिक्षु-दीक्षा ग्रहण की।

६

मंगोल-सर्दार ने चोङ्-ख-प के गद्दीधर गन्दन्-ठी-पा को राज्य न प्रदान कर, क्यों दलाई लामा को दिया, इस का कारण स्पष्ट है। मंगोलिया में धर्म-प्रचार के लिए तीसरा दलाई लामा गया था, और चौथा दलाई लामा स्वयं मंगोल था, इस प्रकार वह दलाई लामा से ही अधिक परिचित था। भोटिया लोग दलाई लामा की जगह पर ग्यल्-व-रिन्-पो-छे (जिन-रत्न) शब्द का प्रयोग करते हैं। दलाई लामा यह मंगोल लोगों का दिया नाम है। मंगोल भाषा में त-ले सागर को कहते हैं। पहिले को छोड़ कर बाक़ी सभी दलाई लामों के अंत में ग्यं-म्छो (सागर) शब्द का प्रयोग होता है, इसी लिए मंगोल लोगों ने त-ले-लामा कहना शुरू किया, जिस का ही बिगड़ा रूप दलाई लामा है। टशी (ब्क्र-शिस्) लामा को भोट भाषा में पण्-छेन्-रिन्-पो-छे (महापंडित-रत्न) कहते हैं। पंचम दलाई लामा सुमतिसागर के गुरु पण्-छेन-छोस्-क्यि-ग्यंल्-म्छन् से पूर्व वहाँ अवतार की प्रथा न थी। किंतु पंचम दलाई के गुरु होने से, उन का सन्मान बहुत बढ़ गया; और मृत्यु के बाद उन के लिए भी लोगों ने अवतार की प्रथा खड़ी कर ली। वर्तमान टशी-लामा (पण्-छेन्)-छोस्-क्यि-त्रि-म (धर्मसूर्य) उन के पाँचवें अवतार हैं। पंचम दलाई लामा सुमतिसागर यद्यपि अवतार समझे जाने के कारण उस पद पर पहुँचे थे, तो भी वह बड़े कार्यपटु शासक थे। इन के शासन के समय में ही १६४४ ई० में मिङ्-वंश को हटा कर मंचू-सर्दार सुन्-ति-छि-थे-चुङ् चीन का सम्राट् बना। दूसरे साल १६४५ ई० में दलाई लामा ने पोतला का महाप्रासाद बनवाया। १६५२ ई० में चीन-सम्राट् के निमंत्रण पर वह चीन गए; और सम्राट् ने उन्हें ता-इ-श्री की पदवी से विभूषित किया। यह सारी अभ्यर्थना चीन-सम्राट् ने शक्तिशाली मंगोल जाति को अपने पक्ष में करने के लिए की थी; जिन पर दलाई लामा का बहुत अधिक प्रभाव था। १६५४ ई० में गु-श्री-खान् के मरने पर, उस का पुत्र त-यन् खान् (१६६० ई०) भोट का राजा बनाया गया। उस के भी मरने पर त-ले-खान्-रत्न भोट का राजा बना।

पंचम दलाई लामा को भी धर्म-प्रचार की लगन थी। वह चीन से लौटते हुए स्वयं इस के लिए बहुत से प्रदेशों में गए। उन्हों ने एक होनहार भिक्षु

फुन्-छोग्स्-ल्हुन्-ग्रुब् को संस्कृत पढ़ने के लिए भारत भेजा। इस ने कुरुक्षेत्र के पंडित गोकुलनाथ मिश्र और पंडित बलभद्र की सहायता से रामचंद्र की पाणिनि-व्याकरण की 'प्रक्रियाकौमुदी' (१६५८ ई०) और 'सारस्वत' का (१६६५ ई०) भोट भाषा में अनुवाद किया। गौतमभारती, ओंकारभारती और उत्तमगिरि नामक रमते साधुओं की सहायता से (१६६४ ई० में) इस ने एक वैद्यकग्रंथ का भी अनुवाद किया। यही भोट का अंतिम अनुवादक था। १६८२ ई० में पाँचवें त-ले-लामा की मृत्यु हुई।

६—वर्तमान-युग (१६६४—)

छङ्स्-द्ब्यङ्स् र्ग्य-म्छो (१६८३-१७०५ ई०)। पंचम दलाई की मृत्यु के बाद ब्रह्मघोष-सागर उस का अवतार समझा गया। यह बड़ी ही रँगीली तबियत का आदमी था। वस्तुतः यह भिक्षु बनने के लिए नहीं पैदा हुआ था। लेकिन क्या करें ? १७०२ ई० में इस ने भिक्षुव्रत तोड़ दिया। लोगों में तहलका मच गया। और इस के फलस्वरूप ल्ह-ब्सङ् ने सरकारी सेना को परास्त कर १७०५ ई० में अपने को भोट का राजा उद्घोषित किया। हालत और भी खराब हुई होती, किंतु जिस वक़्त छठाँ दलाई ब्रह्मघोष-सागर चीन जा रहा था, रास्ते में कोकोनोर झील के पास उस की मृत्यु हो गई। इधर एक दूसरे ही व्यक्ति पद्-द्कर्-ऽजिन्-ये-शेस्-र्ग्य-म्छो (पुंडरीकधर ज्ञान-सागर) को पाँचवे दलाई लामा का असली अवतार बनाने का उपक्रम हो चुका था, किंतु ब्रह्मघोष के मर जाने से इस की जरूरत न रही। १७०८ ई० में स्कल्-ब्सङ्-र्ग्य-म्छो पैदा हुए, जो छठे दलाई के अवतार माने गए।

ल्ह-ब्सङ् के स्वतंत्र राजा बन जाने की सूचना, जब मंगोलिया में पहुँची, तो वहाँ फिर तैयारी होने लगी, और १७१७ ई० में छुङ्-गर् (मंगोलों की बाईं शाखा की) सेना भोट की तरफ़ रवाना हुई। एक प्रचंड तूफ़ान की भाँति, इस के रास्ते में जो कोई विरोधी आया, उस का इस ने सत्यानाश किया। ल्हासा के उत्तर तरफ़ के मैदान में ल्ह-ब्सङ् ने इस का सामना किया, और लड़ाई में काम आया। ञिङ्-म-लामों ने ल्ह-ब्सङ् का पक्ष

लिया था, इस लिए छुङ्-गर् सेना ने उन के मठों को ढूँढ़-ढूँढ़ कर जलाया, और नष्ट किया। उन के शंम्-ग्यल्-ग्लिङ्, दों-र्जे-ब्रग् और स्मिन्-ग्रोल्-ग्लिङ् मठ लूट लिए गए। छुङ्-गर् के प्रलयकारी कृत्य के चिह्न-स्वरूप, आज भी भोट देश में सैकड़ों खंडहर जगह जगह खड़े दिखाई देते हैं। इस प्रकार मंगोलों की सहायता से फिर दलाई लामा को राज्य-शक्ति प्राप्त हुई। सातवें दलाई लामा स्कल्-ब्सङ्-र्ग्य-म्छो (भद्रसागर) बड़े ही विरागी पुरुष थे। ये राज्य-कार्य की अपेक्षा ज्ञान-ध्यान में अपना सारा समय लगाते थे। इन के काल में १७२७ ई० में एक बार फिर कुछ मंत्रियों ने बग़ावत की। उस समय (फो-ल-थे-जे) ब्सोद्-नम्स्-स्तोब्-र्ग्यस्—जिसे राजा मि-द्वङ् भी कहते हैं—ने मङऽ-रिस् और ग्चङ् की सेनाओं की सहायता से उन्हें परास्त कर दिया। इस सेवा के लिए मि-द्वङ् १७२८ ई० में भोट का उपराज बनाया गया। इसी मि-द्वङ् ने सर्वप्रथम स्क-ऽग्युर और स्तन्-ऽग्युर् दोनों महान् ग्रंथ-संग्रहों को लकड़ी पर खुदवा कर छापा बनवाया, और उसे स्नर्-थङ्-विहार में रक्खा। इस मशहूर छापे के छपे कितने ही कन्-जुर्, तन्-जुर आज दुनिया के पुस्तकालयों में पाए जाते हैं।

सातवें दलाई के समय में रोमन-कैथोलिक साधु कैपुचिन फ़ादर्स[1] ल्हासा में गए, और १७०८ ई० तक ईसाई-धर्म का प्रचार करते रहे। इन से पहले १६२६ ई० में पोर्तुगीज़ जेसुइट् पाद्री अंद्रेदा ने तिब्बत में प्रवेश किया था, किंतु वह ल्हासा या ब्क्र-शिस्-ल्हुन्-पो तक नहीं पहुँच सका था।

आठवें दलाई लामा के समय में कोई प्रसिद्ध घटना नहीं हुई। नवें (११ वर्ष) दसवें (२३ वर्ष), ग्यारहवें (१७ वर्ष), और बारहवें (२० वर्ष) दलाई लामा बहुत थोड़ी ही थोड़ी उम्र में मर गए। लोगों का कहना है; कि प्रबंधकों ने अधिकार हाथ से न जाने देने के लिए, उन्हें ख़तम कर दिया। इस के बाद वर्तमान तेरहवें दलाई लामा थुब्-स्तन्-र्ग्य-म्छो (मुनिशासनसागर जन्म १८७६ ई०) ही दीर्घजीवी हुए। अभी पिछले महीने में ही इन की मृत्यु का

---

[1] Capuchin Fathers

समाचार प्राप्त हुआ है।

१७७९ ई० में तीसरे टशी लामा द्पल्-लद्न्-ये-शेस् (ज-१७४० ई०) चीन-सम्राट् के निमंत्रण पर पेकिन् गए थे; वहाँ इन का बड़ा स्वागत हुआ था, किंतु वहीं चेचक से इन का देहांत हो गया।

१८४० ई० में कुछ रोमन कैथोलिक पादरी ल्हासा में दो ढाई मास रहे थे।

१९०४ ई० में लार्ड कर्ज़न ने कुछ व्यापारिक शर्तों को मनवाने तथा रूस के प्रभाव को भोट में न बढ़ने देने के लिए सशस्त्र मुहिम भेजी। ल्हासा अंग्रेजों के हाथ में आ गया, किंतु पीछे रूसी और अंग्रेज़ी सरकारों में समझौता हो गया, जिस से तिब्बत फिर पूर्ववत् रहने दिया गया। बीच में चीन और तिब्बत में मतभेद हो जाने से दलाई लामा को भारत चला आना पड़ा था; किंतु १९१२ ई० में चीन की राज्य-क्रांति के समय मौक़ा मिल गया, और भोट सैनिकों ने चीनी अधिकारियों को भोट से निकाल बाहर किया। दलाई लामा फिर तिब्बत लौट गए थे।

पाँचवें दलाई लामा के बाद धार्मिक क्षेत्र में भोट ने कोई विशेष कार्य न किया। डे-पुङ्-, से-र आदि बड़े बड़े द्गे-लुग्स्-प विहार अब भी बड़ी बड़ी शिक्षण-संस्थायें हैं, और कितने ही काम पूर्ववत् चले जाते हैं, तो भी धार्मिकक्षेत्र में नवजीवन की बहुत कमी है।

परिशिष्ट

१—भोटदेशीय संवत्सर-चक्र (रब्-ऽब्युङ्) का आरंभ[1]

रब्-ऽब्युङ्	ईस्वी सन्
१	१०२७
२	१०८७
३	११४७
४	१२०७
५	१२६७
६	१३२७
७	१३८७
८	१४४७
९	१५०७
१०	१५६७
११	१६२७
१२	१६८७
१३	१७४७
१४	१८०७
१५	१८६७
१६	१९२७

---

[1] आजकल (संवत् १९९०) में सोलहवें रब्-ऽब्युङ् का—जो कि माघ संवत् १९८३ में आरंभ हुआ था—सातवाँ जल-(स्त्री) पक्षी वर्ष चल रहा है।

२—[1]भोटदेशीय संवत्सर-चक्र (रब्-ब्युङ्)[2]

(स्त्री) शश	(पुरुष) नाग	(स्त्री) सर्प	(पुरुष) अश्व	(स्त्री) मेष	(पुरुष) वानर	(स्त्री) पक्षी	(पुरुष) श्वा	(स्त्री) शूकर	(पुरुष) मूषक	(स्त्री) वृष	(पुरुष) व्याघ्र
अग्नि (प्रभव) १	भूमि, भू (विभव) २	भूमि (शुक्ल) °मूष ३	लोह (प्रमोद) ४	लोह (प्रजापति) ५	जल (अंगिरा) °अश्व ६	जल (श्रीमुख) ७	द्रुम (भाव) ८	द्रुम (युवा) °शश ९	अग्नि (धाता) १०	अग्नि (ईश्वर) °शूकर ११	भूमि (बृहधान्य) १२
भूमि (प्रमाथी) १३	लोह (विक्रम) °वानर १४	लोह (वृष) १५	जल (चित्रभानु) १६	जल (सुभानु) °नाग १७	द्रुम (तारण) १८	द्रुम (पार्थिव) °वृष १९	अग्नि (व्यय) २०	अग्नि (सर्वजित्) २१	भूमि (सर्वधारी) °वृष·····२२	भूमि (विरोधी) २३	लोह (विकृत) २४
लोह (खर) °अश्व २५	जल (नन्दन) २६	जल (विजय) °नाग २७	द्रुम (जय) २८	द्रुम (मन्मथ) २९	अग्नि (दुर्मुख) °शूकर ३०	अग्नि (हेमलंब) ३१	भूमि (विलंब) ३२	भूमि (विकारी) °मेष ३३	लोह (शर्वरी) ३४	लोह (प्लव) ३५	जल (शुभकृत्) ३६
जल (शोभन) ३७	द्रुम (क्रोधी) °मूष ३८	द्रुम (विश्वावसु) ३९	अग्नि (पराभव) ४०	अग्नि (प्लवंग) °पक्षी ४१	भूमि (कीलक) ४२	भूमि (सौम्य) ४३	लोह (साधारण) °सर्प ४४	लोह (विरोधकृत्) ४५	जल (परिधावी) ४६	जल (प्रमादी) °अश्व ४७	द्रुम (आनंद) °व्याघ्र ४८
द्रुम (राक्षस) °श्व ४९	अग्नि (नल) ५०	अग्नि (पिंगल) ५१	भूमि (कालमुक्त) °मेष ५२	भूमि (सिद्धार्थ) ५३	लोह (रौद्र) ५४	लोह (दुर्मति) °शश ५५	जल (दुन्दुभि) ५६	जल (रुधिरोद्गारी) °पक्षी ५७	द्रुम (रक्ताक्षी) ५८	द्रुम (क्रोधन) ५९	अग्नि (क्षय) °वृष ६०

[1] संवत्सर का नाम बनाने में (स्त्री) शश, (पुरुष) नाग आदि बारहों नामों को उन के नीचे के कोष्ठकों के साथ जोड़ दिया जाता है, जैसे—अग्नि (स्त्री) शश, भूमि (पुरुष) नाग। (स्त्री) (पुरुष) को कभी छोड़ भी दिया जाता है, और कभी कभी भूमि आदि पाँचों नाम भी छोड़ दिए जाते हैं।

[2] कलोङ्-दॅल्-(जन्म १७१९ ई०) गसुं-बुं-म पृष्ठ १६ ख। ० अधिक मास वाले वर्ष और मास, स-स्क्य-(प्रगस्-प-ग्र्यल्-म्छन्, ११४६-१२१६ ई०) बूकं-बुं, त, पृष्ठ २०३ ख।

३—भोटदेशीय मासों के नाम[1]

भोटदेशीय				भारतीय
संख्या	नाम	ऋतुओं के अनुसार नाम	ऋतु	नाम
१	नाग	अंत	हेमंत	माघ
२	सर्प	आदि	ग्रीष्म	फाल्गुण
३	अश्व	मध्य	,,	चैत्र
४	मेष	अंत	,,	वैशाख
५	वानर	आदि	शरद्	ज्येष्ठ
६	पक्षी	मध्य	,,	आषाढ़
७	श्वा	अंत	,,	श्रावण
८	शूकर	आदि	शिशिर	भाद्रपद
९	मूषक	मध्य	,,	आश्विन
१०	वृष	अंत	,,	कार्तिक
११	व्याघ्र	आदि	हेमंत	मार्गशीर्ष
१२	शश	मध्य	,,	पौष

[1] भोटदेशीय प्रथम मास माघ सुदी प्रतिपद् से आरंभ होता है। मास-गणना अमावस्यांत है, किंतु अधिक मास के एक साथ न पड़ने के कारण भारतीय मासों से मिलान नहीं रहता।

४—प्रत्येक रब्-ञ्युङ् में अधि-मासवाले वर्ष और मास[1]

वर्ष-संवत्			मास	
संख्या	भोट नाम	भारतीय नाम	संख्या	नाम
३	भूमि-(स्त्री) सर्प	शुक्ल	९	मूषक
६	जल-(पुरुष) वानर	अंगिरा	३	अश्व
९	द्रुम-(स्त्री) शूकर	युवा	१२	शश
११	अग्नि-(स्त्री) सर्प	ईश्वर	८	शूकर
१४	लोह-(पुरुष) नाग	विक्रम	५	वानर
१७	जल-(स्त्री) मेष	सुभानु	१	नाग
